

श्री गजराज परिवार गोल चौक डीडीनगर

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



*राजधानी के गोलबाजार एवं रामसागर पारा में अब सिर्फ स्थल सज्जा, सदर बाजार में स्थापना बंद*

# जगह और समय का अभाव, वर्षों पुराने पंडालों में कम हुआ गुफाओं-चलित झांकियों का क्रेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समय और जगह का अभाव के चलते अब गणेशोत्सव में लोगों को तीन चर्चित क्षेत्र में गुफाओं व चलित झांकियों का नजारा देखने को नहीं मिल रहा है। इसका कारण जानने के प्रयास में कई रोचक तथ्य सामने आए। लोग पैसे देने के लिए तैयार हैं, मगर समय कोई नहीं देना चाहता। इसका असर आस्था से जुड़े वर्षों पुराने पंडालों पर पड़ने लगा है। अब शहर में गणेश स्थापना पहले से ज्यादा स्थानों पर होने लगा है, लेकिन गुफाओं व चलित झांकियों का क्रेज कम हो गया है।

राजधानी में एक दौर ऐसा भी था, जब लोग गोलबाजार, सदरबाजार, रामसागर पारा और गुढ़ियारी की झांकी का दर्शन एक दिन में नहीं कर पाते थे। सभी पंडालों में शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की कतार लगती थी। उत्सव के लिए व्यापारी भी महीनों पहले से तैयारी करते थे। गोलबाजार के हनुमान मंदिर और आसपास ▶▶|शेष पेज 13 पर





### बाजार बढ़ने से जगह का अभाव

श्री गजानंद किशोर समाज गणेश उत्सव समिति रामसागर पारा के सीताराम खंडेलवाल ने बताया कि यह समिति 100 साल पुरानी है। यहां एक दौर ऐसा था, जब आकर्षक झांकी सजाने का सिलसिला दो से तीन महीने पहले से शुरू हो जाता था। इसे आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए समिति के लोग ही नहीं, बल्कि मोहल्लेवासी और व्यापारी भी सजग रहते थे। समय के साथ जगह की कमी के चलते अब गणेश स्थापना के साथ पंडाल में स्थल सज्जा की जाने लगी है। झांकियों का समावेश अब विसर्जन के दिन किया जाता है। पुराने झांकी स्थल में गुढ़ियारी में अब भी परंपरा निभाई जाती है। सदर बाजार में तो वर्षों से गणेश स्थापना भी बंद हो गई है। इसकी वजह भी जगह का अभाव ही रहा है। बाजार बढ़ने और जगह कम होने से ऐसी स्थिति लगातार बढ़ रही है।

### स्थापना स्थल बढ़े झांकियां कम

पुरानी समितियों से जुड़े लोग मानते हैं कि पहले की अपेक्षा राजधानी में गणेश उत्सव सहित सभी धार्मिक पर्व को उत्सव का रूप देने का चलन बढ़ गया है। वहीं पुरानी परंपरा से जुड़ी झांकियों का दौर धीरे-धीरे कम होने लगा है। जगह की कमी को देखते हुए अब आयोजकों ने स्थल सज्जा करना भी शुरू कर दिया है। इसमें वे सीमित जगह को आकर्षक बनाने का प्रयास करते हैं। पहले लाइटों का प्रयोग कम होता था, अब इसे प्राथमिकता दी जाने लगी है। इसकी वजह यह है कि झांकियां कम होने से स्थल सज्जा के लिए भी कम जगह मिल रही है। इसे बैलेंस करने के लिए लाइटिंग ज्यादा की जाती है।

## आंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की कमी, एडवाइजरी कमेटी की बैठक में छाया रहा मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोलकाता मेडिकल कालेज में हुई घटना के बाद सुरक्षा के मामले में आंबेडकर अस्पताल के डाक्टर भी संजीदा हो गए हैं।

■ कैंसर सहित कई विभाग ने की अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड की डिमांड

अस्पताल एडवाइजरी की बैठक में यह मुद्दा छाया रहा और कैंसर सहित विभिन्न विभाग ने अलग से गार्ड देने की डिमांड की है। मरीजों की दवा रखने के लिए मेज और डाक्टरों के लिए एसी के साथ कुछ विभाग ने कामकाज सुगम ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नष्ट होगा दस साल का लेखा जोखा

बैठक में शिशु रोग विभाग ने बच्चे के बेड हेड टिकट नष्टीकरण की मांग की थी। बेड हेड टिकट में मरीज की बीमारी के साथ इलाज के संबंधित तमाम लेखा-जोखा होता है। पिछले दस साल में काफी फाइलें जमा होने के तर्क पर मामले में एमआरडी को नष्टीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह अन्य विभागों के दस्तावेज भी एमआरडी में जाम पड़े हुए हैं।

## बांग्लादेश के ऊपर बने सिस्टम के बंगाल की खाड़ी में आने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में शानदार बारिश कराने वाला सिस्टम यूपी की ओर जाकर कमजोर हो गया है। अब बांग्लादेश के ऊपर नया सिस्टम बना है, जिसके बंगाल की खाड़ी में आने की प्रतीक्षा की जा रही है। इसका रूप बदलने के बाद प्रदेश में पुनः बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है।

■ प्रदेश में फिर आएगा बारिश का नया दौर

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार तैयार निम्नदाब का क्षेत्र धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। इसका प्रभाव प्रदेश में 16 सितंबर से दिखने के आसार बन रहे हैं और 17 को व्यापक बारिश होने का अनुमान है। यह सिस्टम पश्चिम बंगाल की खाड़ी में आएगा, तो अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में तब्दील हो जाएगा, जो प्रदेश में वर्षा का कारण बनेगा। अभी राज्य में मानसून की गतिविधि थम गई है। पिछले चौबीस घंटे में वर्षा का सर्वाधिक आंकड़ा महज दो सेमी. सूरजपुर में दर्ज हुआ। शहर में दिन के वक्त धूप-छांव का खेल चलता रहा, दोपहर बाद छाए बादलों के बरसने की आस थी, मगर ऐसा नहीं हो पाया। शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में सीजन की बारिश का कोटा लगभग पूरा हो चुका है। खेती-किसानी के हिसाब से अभी एक से दो बार अच्छी बारिश होने की आवश्यकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आंकड़े प्रदेश में एक जून से तीस सितंबर तक दर्ज किए जाते हैं।

## नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कम, इसलिए दो दिन समय बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीएससी नर्सिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कम संख्या में पंजीयन होने की वजह से अंतिम तारीख दो दिन आगे बढ़ाई गई है।

■ प्रदेश के 116 कालेजों में होना है विभिन्न पाठ्यक्रमों में एडमिशन

राज्य में कुल 116 शा स की य और निजी कालेजों में बीएससी, एमएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जानी है। आईएनसी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### फीस विनियामक समिति का पत्र

राज्य में संचालित विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूले जाने की शिकायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति से की गई थी। इस शिकायत के आधार पर समिति के अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ निजी विवि विनियामक आयोग को पत्र लिखकर निजी व्यवसायिक शिक्षण संस्था अधिनियम का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।



# नितिन नवीन आज आएंगे, निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची पर फैसला संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन शनिवार को रायपुर आ रहे हैं। यहां पर जहां वे भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे, वहीं उनकी प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक भी होगी। ऐसा माना जा रहा है कि निगम, मंडल और आयोग की पहली सूची पर फैसला हो सकता है। लंबे समय से यह सूची अटकी हुई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर कवायद चल रही है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पहली सूची जारी करने की तैयारी है। इस सूची में करीब एक दर्जन नाम होंगे।

- सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा, प्रदेश पदाधिकारियों के साथ भी होगी बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली के दौरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ पहली सूची पर सहमति बन चुकी है। सभी को सूची का इंतजार है। सूची के इस माह जारी होने की संभावना थी, लेकिन प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का रायपुर दौरा टल गया था, ऐसे में सूची भी अटक गई। अब उनका रायपुर आना हो रहा है, तो उनके बैठक लेने के बाद कभी भी सूची के जारी होने की संभावना है।



## दिल्ली में हो चुकी है चर्चा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो बार दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। जब श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली से लौटे थे तभी कहा जा रहा था कि सूची जल्द आ जाएगी, लेकिन इसके बाद फिर से सूची अटक गई। कुछ समय पहले तीन दर्जन प्रस्तावित नामों की एक सूची भी वायरल हो चुकी है। हालांकि इस सूची को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि यह सूची सही नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि इसी तरह की प्रस्तावित सूची राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखी गई थी जिसमें से एक दर्जन नामों पर सहमति बन चुकी है। इस सूची के नामों पर संभावना है कि नितिन नवीन की प्रदेश के नेताओं से अंतिम चर्चा होगी और इसके बाद सूची जारी हो जाएगी।

### सीएम ने कहा- अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर करें

# कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस का असर कल से दिखे मैदानी स्तर पर : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का रिजल्ट कल से ही मैदानी स्तर पर दिखना शुरू हो जाए। उन्होंने कहा कि जिले स्तर की समस्याओं का निराकरण जिला स्तर पर ही किया जाए, इसके लिए सुविधा अनुसार जिले में नियमित जनदर्शन आयोजित किए जाएं। उन्होंने कलेक्टर और एसपी को सम्बोधित करते हुए कहा कि कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का आज से ही त्वरित एवं प्रभावी परिपालन हो, अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर करें, जिसका असर तत्काल जिलों में दिखना चाहिए।

### रायपुर में जनदर्शन अब महीने में एक बार

उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं जिले स्तर पर निराकृत हो सकने वाले मामले स्थानीय एवं जिले स्तर पर ही निराकृत हो, यह सभी कलेक्टर प्रति सप्ताह जनदर्शन लेकर सुनिश्चित करें। यदि स्थानीय स्तर पर निराकृत होने वाले प्रकरण राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनदर्शन में आएंगे, तो वह संबंधित जिले में प्रशासनिक अमले की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगने की दृष्टि से देखा जाएगा । उन्होंने कहा कि राज्य स्तर की समस्याओं का समाधान प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। रायपुर में अब मुख्यमंत्री जनदर्शन माह में केवल एक बार आयोजित किया जाएगा, जिसमें महत्वपूर्ण और राज्य स्तरीय मामले ही आने चाहिए।




### समयबद्ध ट्रायल करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि महिलाओं से संबंधित गंभीर अपराधों में आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हो और विशेष अभियोजक नियुक्त कर समयबध्द ट्रायल पूर्ण करवाकर दोष सिद्ध होने पर सजा दिलाना सुनिश्चित करें। सैद्धांतिक रूप से इन प्रकरणों के आरोपियों को तीन माह की समय-सीमा में समस्त वैधानिक कर न्यायालय द्वारा प्रकरण में सजा दिलाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए।

### नक्सल पुनर्वास नीति जल्द

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पीड़ति एवं आत्म समर्पित माओवादियों के पुनर्वास के लिए व्यापक नीति जल्द लाई जाएगी। माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में आमजनों का विश्वास अर्जित करने और माओवादियों के उन्मूलन के लिए आक्रामक कार्यवाही की रणनीति जारी रहेगी। कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद, बसव राजु एस., सभी संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### नक्सलियों के पांव उखड़ रहे हैं

मुख्यमंत्री ने नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि आप सभी की बहादुरी, कौशल और पैरा मिलेट्री फोर्सेस के साथ समन्वय से प्रदेश में नक्सलियों के पांव उखड़ रहे है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ''नियाद नेल्लानार योजना'' का प्रभावी कियान्वयन जरूरी है। नई सरकार के गठन के बाद माओवादी समस्या के समूल उन्मूलन के लिए ज्वाईन्ट एक्शन प्लान पर अमल किया जा रहा है, जिसका यह परिणाम है कि विगत 09 माह में सुरक्षा बलों द्वारा 108 मुठभेड़ों में 159 माओवादियों के शव और बड़ी मात्रा हथियार विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। विगत 9 माह में 34 फारवर्ड सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की गई है। जिससे माओवादी गतिविधियों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। छत्तीसगढ़ को 04 नवीन सीआरपीएफ बटालियनें आबंटित की गई है। सुदूर क्षेत्रों में विकास कार्यों के तहत 44 मार्ग और 10 पुलों का निर्माण किया गया है।

# साव ने अमेरिका में देखा संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अमेरिका के अपने अध्ययन प्रवास के दौरान गुरुवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने वहां संयुक्त राष्ट्र संघ के सामान्य सभा कक्ष, सुरक्षा समिति कक्ष इत्यादि जगहों का भ्रमण कर संघ की कार्यप्रणाली को समझा। अध्ययन दौरे पर साथ गए लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह भी इस दौरान उनके साथ थे।

### तखतपुर के पांडेय ने दिया था निमंत्रण

श्री साव संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय में मुख्य वित्त अधिकारी आनंद पाण्डेय के आमंत्रण पर वहां गए थे। श्री पाण्डेय मूलतः बिलासपुर जिले के बेलसरी (तखतपुर) के निवासी हैं। श्री साव ने संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय के भ्रमण के बाद कहा कि दुनिया के इतने महत्वपूर्ण कार्यालय में बिलासपुर के बेलसरी का बेटा मुख्य वित्त अधिकारी के गरिमामय पद पर कार्यरत है। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है।

### भारतीय मूल के लोगों को किया संबोधित

उप मुख्यमंत्री श्री साव न्यूजर्सी के रॉयल एल्बट्र्स पैलेस में भारतीय मूल के लोगों द्वारा अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और देश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन, पौराणिक मान्यताओं, संसाधनों और यहां के सीधे-सरल लोगों के बारे में बताया। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ के बारे में अपने विचार भी रखे। श्री साव ने अमेरिका में बसे भारतीयों को छत्तीसगढ़ आने और यहां की अनुपम छटा व प्राकृतिक सुंदरता को देखने आमंत्रित किया। श्री साव ने वहां रह रहे छत्तीसगढ़ के लोगों के बारे में भी पूछा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को लोरमी में अपने द्वारा बनवाई गई भगवान श्रीराम की बेर से बनी कलाकृति का छायाचित्र भेंट किया। उप मुख्यमंत्री ने न्यूजर्सी में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लोग दुनिया के जिस देश में भी गए हैं, वहां उस देश के विकास में योगदान दे रहे हैं।

### हरिद्वार में राष्ट्रीय कार्यक्रम सीएम साय को दिया न्योता



**रायपुर।** स्वतंत्रता सेनानी परिवार समिति द्वारा हरिद्वार में आयोजित 14 एवं 15 सितंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके उत्तराधिकारियों के राष्ट्रीय महासम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़, असम एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री होंगे। राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी हस्ताक्षरित निमंत्रण पत्र को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रित करने एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचा, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार रायचा, मुकेश बावरिया, सुरेश मिश्रा एवं शैलेंद्र राठौर शामिल रहे।

# कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का बड़ा आंदोलन करने का फैसला, राजधानी रायपुर से 27 को निकलेगी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा आंदोलन करने का फैसला किया गया है। इसके लिए राजधानी रायपुर से 27 सितंबर से बड़ी पदयात्रा निकाली जाएगी। इसका समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन गिरौदपुरी में होगा। इस पदयात्रा में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। कौन-कौन से नेता कहां रहेंगे, इसको लेकर एक-दो दिनों में फैसला हो जाएगा। बैठक में नगरीय निकाय चुनाव के साथ रायपुर दक्षिण के चुनाव को लेकर भी मंथन किया गया और जल्द ही प्रभारी भी नियुक्त करने पर सहमति बनी है।

प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठाने के साथ आंदोलन भी कर रही है। अब प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शुक्रवार को फैसला किया गया कि इसको लेकर बड़ा आंदोलन करना है। इस आंदोलन को पदयात्रा के रूप में करने का फैसला किया गया है। रायपुर से प्रारंभ होने वाली यात्रा 125 किलो की होगी। यात्रा का पूरा रूट और कहां-कहां पर सभाएं करनी हैं और किस सभा में



कौन रहेंगे, इसको लेकर प्रदेश के बड़े नेताओं से चर्चा करके कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

### रायपुर दक्षिण जीतने पर फोकस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में राजीव भवन में हुई। बैठक में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति पर तथा नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी के साथ इसको लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। जहां रायपुर दक्षिण के लिए जल्द चुनाव संचालन समिति बनाने का फैसला किया गया है, वहीं नगरीय निकाय चुनावों के लिए भी जल्द प्रभारी बनाने पर सहमति बनी है। कांग्रेस का फोकस इस बार रायपुर दक्षिण पर है। बृजमोहन अग्रवाल के यहां से न होने का पूरा फायदा कांग्रेस उठाना चाहती है। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पदाधिकारियों की सक्रियता और कर्मठता से हम सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चला रहे। कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर हमने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। मुख्यमंत्री को मजबूरन एसपी, कलेक्टर कांफ्रेंस बुलानी पड़ी है।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, अंबिका मरकाम, पीआर खुंटे, प्रेमंचद जायसी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, डॉ. थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, आरती सिंह, सकलेन कामदार, सीमा वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे, सुबोध हरितवाल, सदस्य कार्यसमिति लालजी चंद्रवंशी, गंगा पोटाई, भोलाराम साहू, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जनक धुरव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रमुख अरूण ताम्रकार, कांग्रेस पिछड़ा विभाग अध्यक्ष केशव चंद्राकर, अंसगठित क्षेत्र समस्या निवारण अध्यक्ष मो. सिद्दीक उपस्थित थे।

# 55 तहसीलदार, 51 नायब तहसीलदारों का तबादला

### 28 आरआई भी इधर से उधर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लंबित राजस्व प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई थी। इस नाराजगी के दूसरे दिन ही थोक में राजस्व अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत 55 तहसीलदार, 51 नायब तहसीलदारों एवं 28 राजस्व निरीक्षकों का तबादला किया गया है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव केके भूआर्य ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत नायाब तहसीलदारों को 7 दिवस और राजस्व निरीक्षकों को 15 दिवस के भीतर कार्य संभालने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मिस्ड कॉल करने वाले डेढ़ लाख ने अब तक नहीं भरे फार्म

# भाजपा के बने अब तक दस लाख से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। अब तक दस लाख से ज्यादा ने सदस्यता ले ली है। अब तो सांसद, विधायक भी बूथों में सदस्य बनाने के लिए जा रहे हैं। जो भी सदस्यता ले रहे हैं, उनसे बूथों में ही ऑफलाइन फार्म भी भराए जा रहे हैं, ताकि इसका रिकॉर्ड प्रदेश संगठन के पास रहे। अब तक करीब डेढ़ लाख ने मिस्ड करने के बाद फार्म नहीं भरे हैं, इनको फार्म भरने के लिए भाजपा के कॉल सेंटर से कॉल करके फार्म भरने के लिए कहा जा रहा है, ताकि उनकी सदस्यता तय हो सके। प्रदेश संगठन ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

देशभर में भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है। पहले चरण में 25 सितंबर तक सामान्य सदस्य बनाने हैं। प्रदेश में यूं तो सदस्यता अभियान तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्यता दिलाने के बाद से ही चल रहा है, लेकिन 6 सितंबर से बूथों में सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के बाद इसमें बहुत तेजी आई है। भाजपा का बड़ा फोकस बूथों पर है। हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं, ऐसे में 50 लाख का लक्ष्य प्राप्त करने में परेशानी नहीं होगी।

कॉल सेंटर से किया जा रहा फार्म भरने फोन




सबसे ऑफलाइन फार्म भी भरवाए जा रहे

### सांसद-विधायक भी जुटे

*प्रदेश संगठन ने सांसद और विधायकों के लिए अलग लक्ष्य तय किया है। सांसदों को जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने हैं, वहीं विधायकों से 10-10 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। 11 सितंबर से सांसद और विधायक भी बूथों में सदस्य बनाने जा रहे हैं। इनको अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए अपने लिंक से ही सदस्य बनाने हैं।*

### हर बूथ को 200 फार्म

भाजपा संगठन ने तय किया है कि इस बार मिस्ड कॉल करने के बाद सदस्य बनाने के लिए तत्काल ऑनलाइन फार्म तो भरवाने ही हैं, साथ ही साथ सदस्य बनने वालों के ऑफलाइन फार्म भी भरने हैं। इसके लिए हर बूथ को 200-200 ऑफलाइन फार्म भी दिए गए हैं। बूथों में जिनको भी सदस्य बनाया जा रहा है, उनके ऑफलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। इससे शक्ति केंद्रों में एक रजिस्टर बनेगा और फिर यह रिकॉर्ड जिलों के साथ प्रदेश संगठन के पास आएगा। शक्ति केंद्रों को रिकॉर्ड रखने के लिए रजिस्टर भी दिए गए हैं।

### दस लाख का आंकड़ा पार

सदस्यता में दस लाख का आंकड़ा पार हो गया। जिन लोगों ने मिस्ड कॉल करने के बाद फार्म नहीं भरे हैं, उनको कॉल सेंटर से फार्म भरने के लिए फोन किया जा रहा है।

- अनुराग सिंहदेव
प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

### केदार कश्यप ने कहा

# घोटाले के आरोपी से मिलने की आतुरता से साफ, बघेल को सता रहा बड़ा डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कोयला घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपी सूर्यकांत तिवारी से नहीं मिलने देने पर बुरी तरह बिफरे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सवालों की बौछार करते हुए पूछा, घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपियों से बघेल को क्या काम पड़ गया और वह सूर्यकांत से मिलने के लिए इतने उतावले क्यों हो गए। आरोपी के पत्र लिखने के बाद से बघेल को कौन-सा डर सता रहा है। श्री कश्यप ने श्री बघेल से यह जानना चाहा है कि घोटाले के आरोपी सूर्यकांत से उनका क्या नाता है और यह रिश्ता कहलाता क्या है। श्री कश्यप ने कहा, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो सूर्यकांत ने कोर्ट में याचिका लगाकर श्री बघेल को यह इशारा कर दिया है कि अब वह ज्यादा दिन तक राज दफन नहीं कर सकता, ज्यादा दिन तक चुप नहीं रह पाएगा। क्या इसीलिए श्री बघेल अब उससे मिलकर इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि कहीं उनका पर्दाफाश तो नहीं हो रहा है? अन्यथा तो किसी भी आरोपी से मिलने की इतनी जल्दबाजी, इतनी आतुरता श्री बघेल क्यों दिखा रहे हैं। और, नहीं मिलने देने पर बिफरकर इतनी नाराजगी क्यों जता रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### एसपी कांफ्रेंस में गृहमंत्री का नहीं होना बड़ा सवाल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में पहली बार हुआ कि मुख्यमंत्री एसपी कांफ्रेंस ले रहे थे और गृहमंत्री उसमें शामिल नहीं थे, जबकि उस दौरान गृह मंत्री रायपुर में ही थे। इससे साफ लगता है, सरकार के मुखिया का अपने मंत्रियों के बीच ही सामंजस्य नहीं है। मुख्यमंत्री एसपी कांफ्रेंस से गृहमंत्री को दूर रखकर अपनी सरकार की अक्षमता का ठीकरा गृहमंत्री पर फोड़ने की तैयारी में हैं। श्री बैज ने कहा, प्रदेश में लगातार हो रही हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, चोरी, चाकूबाजी की घटनाओं से सरकार परेशान हो गई है। एसपी कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षकों को धमकाया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि सरकार में बैठे हुए सत्ताधीश अपराधियों के पैरोकार बने हुए हैं। पुलिस को अपराध रोकने के काम में भाजपाई अडंगा डालते हैं। यही नहीं, भाजपा सरकार ने पुलिस को विरोधी दलों के खिलाफ में षड्यंत्र में लगाया हुआ है।



### अजय चंद्राकर के लिंक से बने दस हजार सदस्य

**रायपुर।** कुरुद के विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के लिंक से भाजपा के दस हजार से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। प्रदेश संगठन ने सभी विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। यह लक्ष्य प्राप्त करने वाले श्री चंद्राकर पहले विधायक हैं। उन्होंने खुद फेसबुक पर यह शेयर करते हुए लिखा है, विधानसभा स्तर पर मेरे रेफरल कोड से 10 हजार सदस्य बन गए हैं।



### पदयात्रा नहीं माफी यात्रा निकाले कांग्रेसः केदार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कांग्रेस द्वारा निकाली जाने वाली पदयात्रा को कांग्रेस का एक और नया शिगूफा बताते हुए कहा, यह पदयात्रा मुद्दाविहीन कांग्रेस के राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की निरर्थक सियासी कवायद ही साबित होगी। श्री गुप्ता ने कहा, अपने पांच साल के शासनकाल में कांग्रेस ने प्रदेश में अन्याय, अत्याचार, माफियागिरी, वादाखिलाफी, हर वर्ग के साथ छल-कपट और घपले-घोटालों के जरिए प्रदेश के खजाने की लूट की सारी हदें लांघकर जो अपराध प्रदेश की जनता के साथ किया है, उससे जनता-जनार्दन का अब कांग्रेस पर रंचमात्र भी विश्वास नहीं रह गया है। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस जो पदयात्रा निकाल रही है, दरअसल उसका नाम माफी पदयात्रा होना चाहिए। कोयला, शराब, रेत, जमीन, गोठान, गोबर, यहां तक कि गरीबों के चावल में भी भूपेश सरकार ने घोटाला कर डाला और छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबा दिया।



### क्रूड ऑयल के दाम हुए कम पेट्रोल-डीजल के दाम न घटाना जनता के साथ अन्याय

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि क्रूड ऑयल के दाम कम हो गए हैं, मोदी सरकार पेट्रोल, डीजल के दाम नहीं घटा रही है। यह जनता के साथ सीधा सीधा अन्याय है। पेट्रोल, डीजल की महंगाई के लिए केंद्र की मोदी सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों की मुनाफाखोरी जिम्मेदार है। मोदी की गारंटी पेट्रोलियम कंपनियों की मुनाफा बढ़ाने की है और आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाना है। श्री शुक्ला ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में 31 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, जो क्रूड ऑयल के दाम 116 डॉलर प्रति बैरल था आज 70 डॉलर है इसमें प्रति बैरल लगभग 46 डॉलर की कमी हुई, लेकिन देश के भीतर किसान मजदूर युवा व्यापारी उद्योगपतियों को आज भी महंगे दरों पर पेट्रोल और डीजल खरीदना पड़ रहा है।



## निधन

### राजकुमारी जग्गी



रायपुर। गुलमोहर पार्क रामनगर निवासी राजकुमारी जग्गी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. जनकराम जग्गी की पत्नी एवं अनिल, तरण, राजेश, सुनील जग्गी की माता थीं।

### भारती खेमानी



रायपुर। नागोराव स्टेट कॉलोनी हीरापुर रोड निवासी भारती (रीटा) खेमानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 सितंबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे मुकेश खेमानी की पत्नी एवं ओम खेमानी की माता थीं।

### गौरव शुक्ला



रायपुर। सालासार ग्रीन निवासी गौरव शुक्ला (37) का गुरुवार को निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त अधिकारी प्रमोद शुक्ला (महुदा सलिहापारा) के ज्येष्ठ पुत्र, वैभव शुक्ला के बड़े भाई एवं संतोष, विनोद शुक्ला के भतीजे थे। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। उनके निधन पर शोक जताते हुए विप्र समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### रामपती देवी



रायपुर। गायत्री मंदिर के पीछे समता कॉलोनी निवासी रामपती देवी (95) का निधन हो गया। उनकी अंतिम याता 14 सितंबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे हनुमानप्रसाद, जादूराम, सजन व प्रमोद की माताजी एवं केशरीचंद, प्रकाशचंद, दीनदयाल, पवनकुमार की ताई थीं।

### भूषणलाल राठौर



रायपुर। राठौर चौक निवासी भूषणलाल राठौर (87) का 13 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. रामरतन राठौर के पुत्र और प्रशांत राठौर के पिता थे।

### सोमप्रकाश वर्मा



रायपुर। ग्राम धनेली माना निवासी सोमप्रकाश वर्मा का 13 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 सितंबर को सुबह 10 बजे धनेली मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. दिनेश वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र थे।

### मिज्जु बाई मोयल



रायपुर। तात्यापारा निवासी मिज्जु बाई मोयल (89) का 13 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 सितंबर को 11 बजे निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मोहनलाल मोयल की धर्मपत्नी, राजेंद्र, रंजन की माताजी एवं भानुप्रताप सिंह, कुशल कुमार मोयल की दादी थीं।

### गिरधारी साहू



रायपुर। ग्राम छतौना मंदिर हसौद निवासी भूतपूर्व सरपंच गिरधारी साहू का 13 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे सोहद्रा साहू के पति, कैलाश साहू, संजय साहू, प्रियंका साहू, राजकुमारी साहू, संगीता साहू के पिता थे।

# एमआईसी की बैठक में 23 एजेंडों पर चर्चा, 19 पारित, 4 पर निर्णय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई। इस बैठक में 23 एजेंडे लाए गए थे। इन एजेंडों पर एमआईसी की बैठक में चर्चा भी हुई। इसके बाद इनमें से 19 एजेंडों को पारित कर दिया गया, वहीं 4 एजेंडों पर लंबी चर्चा के बाद भी सहमति नहीं बन पाई, जिसके कारण इन एजेंडों पर निर्णय नहीं लिया गया। इन एजेंडों को आगामी बैठक में लाए जाने पर सहमति बनी है। बैठक में एमआईसी ने निगम क्षेत्र के सभी जोन कार्यालयों एवं सेंट्रल जोन विद्युत विभाग अंतर्गत विद्युत संधारण कार्य के लिए कलेक्टर दर पर श्रमिक कर्मचारियों को रखने के लिए किए गए अनुबंध की अवधि 30 सितंबर को खत्म हो रही है। यह अनुबंध एक साल के लिया हुआ था। नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार 103 श्रमिकों को प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से रखा जाना है। इस कार्य के लिए कलेक्टर दर पर वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ 86 लाख 18 हजार 149 रुपए का प्राक्कल राशि तैयार की गई है। इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसी प्रकार वार्डवार के स्थान पर जोनवार सफाई व्यवस्था का टेंडर करने, रोड स्वीपिंग मशीन की संख्या 4 से बढ़ाकर 7 करने, दायरा 85 किलोमीटर से अतिरिक्त 62 से 63 किलोमीटर बढ़ाने, टेंडर अवधि की समय सीमा बढ़ाने, निराश्रित पेंशन योजना संबंधी प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।

## विद्युत संधारण कार्य संबंधी अनुबंध की समय-सीमा बढ़ाने प्रस्ताव को मंजूरी




### दस अतिरिक्त एसी बस डिपो निर्माण का प्रस्ताव गिरा

*एमआईसी में शहर में 10 अतिरिक्त एसी बस डिपो के निर्माण का प्रस्ताव भी लाया गया था। इस प्रस्ताव पर लंबी चर्चा भी हुई, लेकिन अंत में इस प्रस्ताव पर सदस्यों के बीच सहमति नहीं बन पाई। इस प्रस्ताव को अब आगामी बैठक में लाया जाएगा। इसके अलावा पीएस सिटी कालोनी के पहुंच मार्ग के आसपास निगम सीमा के निजी बसाहट क्षेत्र का नाम सैनिक नगर के नाम और प्रवेश द्वार लगाने संबंधी प्रस्ताव पर भी सहमति नहीं बन पाई। इसी प्रकार जोन-4 अंतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल के हॉल में स्टॉर्टअप को वर्किंग एंड इनोवेशन सेंटर के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर कार्य के संबंध में निविदा निकाली गई है। इसके तहत सोशल सेलर टेक्निकल प्रा.लि. द्वारा 9 लाख प्रति वर्ष की दर से 60 माह में संभावित 45 लाख रुपए आय की स्वीकृति दी गई है। इस प्रस्ताव पर भी सहमति नहीं बन पाई।*

## राजधानी के गंज डाकघर को बनाया गया नोडल कार्यालय

# भारत की नागरिकता पाने छत्तीसगढ़ से भी थोक में आवेदन, कमेटी कर रही दस्तावेजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत की नागरिकता पाने के लिए भारतीय नागरिकता ऑनलाइन पोर्टल (सीएए) के माध्यम से ऑनलाइन थोक में आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदन करने वालों में पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और अफगानिस्तानी हैं, जो 31 दिसंबर 2014 के पूर्व भारत में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में आकर बसे हुए हैं। छत्तीसगढ़ से भी अब तक करीब 100 शरणार्थी आवेदन कर चुके हैं। इनमें पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक हैं। पोर्टल के माध्यम से किए जाने वाले आवेदन व दस्तावेजों की जांच के लिए केंद्र सरकार ने कई राज्यों में संभाग डाकघर को नोडल कार्यालय बनाया है, जहां आवेदनों के सम्पूर्ण दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी पात्र और अपात्र आवेदनों की छंटनी करने से लेकर दस्तावेजों की कमी दूर करने का भी प्रयास कर रही है, ताकि पात्र आवेदकों को जल्द से जल्द भारत की नागरिकता मिल सके।

छत्तीसगढ़ में भी कुछ जिलों के डाकघर को नोडल कार्यालय बनाया गया है। इनमें रायपुर संभाग के लिए राजधानी के गंज डाकघर को नोडल कार्यालय बनाया गया है। सीएए पोर्टल के माध्यम से नागरिकता पाने आने वाले आवेदन एवं दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। इस कमेटी प्रवर अधीक्षक हरीश महावर, रेलवे, एनआईसी, आईबी के अधिकारी के अलावा एक तहसीलदार को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में नोडल कार्यालय रायपुर के अलावा बिलासपुर और दुर्ग में बनाया गया है।

### नागरिकता पाने ये दस्तावेज जरूरी

भारत की नागरिकता पाने के लिए आवेदन करने वाला 31 दिसंबर 2014 के पहले भारत आकर बसा हो, उसके पास उसके देश की नागरिकता का सर्टिफिकेट होना चाहिए, उसके धर्म से संबंधित सर्टिफिकेट होना चाहिए। यह सर्टिफिकेट आवेदक के धर्म से संबंधित धार्मिक संस्थान का होना चाहिए। पासपोर्ट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी शामिल है जो गाइड लाइन के अनुसार आवेदक को आवेदन के साथ नोडल कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना है।




- पात्र और अपात्र आवेदनों की जांच से लेकर दस्तावेजों में कमी को बारिकी से जांच करने के बाद पात्र आवेदनों को पोर्टल में
- आवेदन अगर अपात्र पाया जाता है तो उसका आवेदन रिजेक्ट किए जा रहे हैं, वहीं पात्र आवेदकों के दस्तावेजों में कोई कमी है तो उसे सुधारने की
- सीएए की गाइड लाइन के अनुसार भारत की नागरिकता
- छत्तीसगढ़ में वर्षों पहले आकर बसे बांग्लादेशी और पाकिस्तानी लोग थोक में आवेदन कर रहे हैं। इन आवेदनों के साथ
- बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान देशों से 31 दिसंबर 2014 से पहले आकर बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई
- देशभर से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तान,
- सीएए लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में बसे बांग्लादेशी-पाकिस्तानी थोक में
- संभाग डाकघर के प्रवर अधीक्षक हरीश महावर

### रायपुर संभाग से पाकिस्तानी लोगों के ज्यादा आवेदन

*भारत की नागरिकता पाने के लिए आवेदन करने वालों में छत्तीसगढ़ से बांग्लादेशी की तुलना में पाकिस्तानी लोगों के ज्यादा है। रायपुर नोडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग से करीब 100 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें पाकिस्तान और बांग्लादेश से छत्तीसगढ़ में बसे लोगों के आवेदन है। इन आवेदनों में पाकिस्तानी लोगों के करीब 70 और बांग्लादेशी लोगों के करीब 35 आवेदन हैं।*

### कमेटी का काम वेरिफिकेशन करना

कमेटी का काम आवेदनों के सम्पूर्ण दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करना है।
- **पीसी वर्मा**, कमेटी सदस्य, गंज डाकघर नोडल कार्यालय

### कहता है नियम

पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थी जो 31 दिसंबर 2014 के पहले भारत में आकर बसे थे, उन्हें भारत की नागरिकता दिलाने के लिए भारत सरकार ने सीएए लागू किया है। अब तक इन देशवासियों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ भारत में आने के बाद तय अवधि खत्म होने के बाद वापस नहीं लौटकर यहीं रूक गए हैं। हालांकि मुसलमान धर्म को एसीसी में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन आवेदनों के आने पर उन पर भी विचार किए जाने की बात कही गई है।

# पैसा ट्रांसफर करने का फेक स्क्रीन शॉट भेजकर मेडिकल कारोबारी से ठगी की कोशिश






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जालसाज लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करने नए के साथ पुराने हथकंडे अपना रहे हैं। इसी कड़ी में अज्ञात जालसाज ने एक मेडिकल कारोबारी को कॉल कर 20 हजार रुपए ठगी करने की कोशिश की, लेकिन कारोबारी की सजगता के कारण जालसाज ठगी करने में नाकाम रहा। कारोबारी भरत बजाज के मुताबिक उनके पास गुरुवार को एक अज्ञात नंबर से वाट्सएप कॉल आया, काल करने वाले ने अपने आपको पुलिस लाइन के पास रहना बताकर अपना परिचय गुप्ता के रूप में दिया। कारोबारी ने पहचान नहीं पाने की बात कही, तो जालसाज आत्मीयता दिखाते हुए कारोबारी से बात करने लगा। बातों में उलझाकर जालसाज ने कारोबारी से कहा कि किसी से उसे पैसे लेने है, जिसे वह डायरेक्ट अपने अकाउंट में ट्रांसफर नहीं करा सकता। इस वजह से जालसाज ने कारोबारी को उनके अकाउंट में रकम ट्रांसफर किए जाने का झांसा दिया।

- जालसाज करीबी बनकर लोगों को कॉल कर ठगी करने की कोशिश कर रहे

### ऐसे बनाते हैं ठगी का शिकार

करीबी बनकर ठगी करने वाले जालसाज महज 15 से 20 हजार रुपए की ठगी करते हैं। इसके लिए फोन पे, गूगल पे तथा टेक्सट मैसेज का बैंक में पैसा ट्रांसफर करने का स्क्रीन शॉट बनाते हैं। उस स्क्रीन शॉट को संबंधित के पास भेजकर पैसा ट्रांसफर करने की पुष्टि करते हैं। जालसाज ने भरत बजाज को उनके एसबीआई अकाउंट में रकम ट्रांसफर करने का स्क्रीन शॉट भेजा था। कारोबारी के अनुसार उनका एसबीआई में अकाउंट ही नहीं है। इसके कारण उन्हें ठगी का अहसास पहले ही हो गया था।

### फेक मैसेज भेज कर कहा -रकम ट्रांसफर हो गई

*किसी दूसरे की रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने से इनकार करने के कुछ देर बाद जालसाज ने कारोबारी को रकम ट्रांसफर करने टेक्स्ट मैसेज तथा रकम ट्रांसफर करने का स्क्रीन शॉट भेजा। मैसेज भेजने के बाद जालसाज ने अस्पताल में पैसों की जरूरत पड़ने की बात कह कर कारोबारी को अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर करने दबाव बनाया। कारोबारी ने जालसाज को थाना जाने तथा बैंक से पुष्टि करने की बात कही, तब जालसाज ने फोन कट कर दिया।*

## // आम सूचना //

**ग्राम- देवपुरी, प.ह.नं.- 00073, रा.नि.म.- रायपुर-10- डूमरतराई, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नं.- 203/94 का भाग, रकबा-2568 वर्गफुट के बारे में :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री सुबीर कुमार भट्टाचार्य, पिता- श्री सुनील चन्द्र भट्टाचार्य, निवासी- रजडागा मेन रोड, कोलकाता, (प.बं.) के भूमि स्वामी हक आधिपत्य की एक आवासीय परिवर्तित भूमि जो कि ग्राम- देवपुरी, प.ह.नं.- 00073, रा.नि.म.-रायपुर-10-डूमरतराई, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नं.- 203/94 का भाग, रकबा- 2568 वर्गफुट, भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है जो कि राजस्व अभिलेखो में उपरोक्त विक्रेता के नाम से दर्ज हैं, जिसका केवल बैनामा पंजीयन कराया जाना ही शेष है। अतः उपरोक्त संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, साहूकार, फर्म, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध व शून्य समझी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होकर शून्य मानी जाएगी। अतः सूचना जाने।

**दिनांक :-14/09/2024**

**विवेक रंजन गांगुली (अधिवक्ता)**
**सी-76/5, टैगोर नगर, तह. व जिला रायपुर**
**मो.नं. 7974666903**

## आम सूचना

**(ग्राम डूंडा, प.ह.नं. 72, रा.नि.मं. रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अनुसुईया साहू पति प्यारेलाल साहू निवासी - गली नं. 6 कृष्णा नगर, ग्लोरियस इंग्लिश स्कूल के पास रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता अंकित गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता निवासी जी/बी-03, गोदावरी नगर यशविहार मोतीनगर बोरियाखुर्द रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वत्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि वाके मौजा ग्राम डूंडा, प.ह.नं. 72, रा.नि.मं. रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 411/12 रकबा 0.0231 हेक्टेयर अर्थात 2491 वर्गफुट में से 1175 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय विलेख का पंजीयन करना शेष है।

अतएव उपरोक्त वर्णित संपत्ति/भूमि के स्वत्व, हक, हित, आधिपत्य एवं कब्जा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के अंदर मय दस्तावेज के नीचे दिये पते पर लिखित में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगा एवं उक्त करारशुदा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करा लिया जावेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर, छ.ग.
दिनांक

भवदीय- **पी.एल. साहू**
अधिवक्ता
भैरव नगर, तामेश्वर किराना के पास,
गोकुल नगर रोड, मठपुरैना, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9300892039, 7999082535

## //आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4761 दिनांक 30.05.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी.-I फ्लैट, प्रथम-तल-03/108, को श्रीमती रत्ना मिश्रा पति श्री सर्वेश्वर दयाल मिश्रा एवं श्री सर्वेश्वर दयाल मिश्रा पिता श्री बि.डी. मिश्रा, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 31/10/2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती रत्ना मिश्रा पति श्री सर्वेश्वर दयाल मिश्रा एवं श्री सर्वेश्वर दयाल मिश्रा पिता श्री बि.डी. मिश्रा,, निवासीः- एम.आई.जी.।, हाउस नं. 841, आमदी नगर, हुडको भिलाई वेस्ट भिलाई दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती ज्योति सेन पति श्री आलोक कुमार शांडिल्य एवं श्री आलोक कुमार शांडिल्य पिता श्री रघुनन्दन लाल शांडिल्य, निवासीः- वार्ड नं. 03, ग्राम-सडढू, पोस्ट-तरपोंगी, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ. सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. -। फ्लैट, प्रथम-तल-03/108, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## आम-सूचना

ग्राम- **सेजबहार**, प.ह.नं. - 00084, रा.नि.मं.- रायपुर-18, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका **खसरा नंबर - 348/6, रकबा 0.0760 हेक्टेयर** के बारे में :

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार क्रेता **श्री मनोज जांगडे**, पिता- श्री पवन कुमार जांगडे, निवासी-देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता, श्री ईश्वर प्रसाद यदु, पिता- स्व. श्री भरोसा राम यदु, निवासी- वार्ड नं.- 20, अटल चौक, सेजबहार, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के भूमि स्वामी, हक एवं आधिपत्य की एक कृषि भूमि जो कि, ग्राम- सेजबहार, प.ह.नं.- 00084, रा.नि.मं.- रायपुर- 18, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका **खसरा नंबर- 348/6, रकबा 0.0760 हेक्टेयर** भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है जिसका केवल बैनामा/ पंजीयन कराया जाना ही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, साहूकार, फर्म, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 02 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध व शून्य समझी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होकर शून्य मानी जाएगी। अतः सूचना जाने।

दिनांक : - 14/09/2024

**विवेक रंजन गांगुली**
**अधिवक्ता सी-76/5, टैगोर नगर तहसील व जिला रायपुर**
**मो.नं. 79746 66903**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क. / प.ह.न. 12 अ-2 / वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहित शर्मा पिता श्री सत्यनारायण शर्मा निवासी रायपुर द्वारा ग्राम मुनरेठी प.ह.न. 12 में स्थित भूमि खसरा नंबर 372 का रकबा 0.44 हे, खसरा नंबर 373 / 2 का रकबा 0.17 हे, खसरा नंबर 374 का रकबा 0.44 हे खसरा नंबर 884 का रकबा 0.44 हे कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 1.1900 हे भूमि को व्यवसायिक मद में पुर्ननिर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र शपथ पत्र, खसरा बी 1 नक्शा, अधिकार अभिलेख, विक्रय विलेख, पंजीयन बैनामा की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 23/09/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**सक्षम प्राधिकारी एवं**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क. / प.ह.न. 12 अ-2 / वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीतू शर्मा पिता श्री पंकज शर्मा निवासी रायपुर द्वारा ग्राम मुनरेठी प.ह.न. 12 में स्थित भूमि खसरा नंबर 373/3 का रकबा 0.36 हे, खसरा नंबर 375 का रकबा 0.28 हे, भूमि को व्यवसायिक मद में पुर्ननिर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र शपथ पत्र, खसरा बी 1 नक्शा, अधिकार अभिलेख, विक्रय विलेख, पंजीयन बैनामा की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 23/09/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**सक्षम प्राधिकारी एवं**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

वाके मौजा ग्राम- पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं.-रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता- श्री रवि डबलानी पिता- श्री राजेश कुमार डबलानी निवासी- सेक्टर-2, शिवानंद नगर, श्रीनगर, खमतराई रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम- पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. -रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नंबर- 546/12, 546/13 एवं 548/5 क्रमशः रकबा 0.0040 हेक्टेयर, 0.0410 हेक्टेयर एवं 0.1410 हेक्टेयर इस प्रकार कुल खसरा 03 एवं कुल रकबा 0.1860 हेक्टेयर भूमि (नवीन खसरा नंबर 15018 रकबा 0.1860 हेक्टेयर भूमि), जो कि नगर पालिक निगम रायपुर सीमा क्षेत्र के बाहर विकासखंड धरसींवा क्षेत्र के अंतर्गत धारित की जाती है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का मौखिक सौदा तय कर लिया गया है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 12/09/2024

**नीरज सत्यवानी**
**अधिवक्ता**
**श्याम स्क्वेयर पंडरी, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 82510-36776**

## पेज 11 के शेष

### जगह और समय का...

की दुकानों व मकानों की छत का इस्तेमाल करके उन्हें पहाड़ एवं झरना के साथ गुफाओं का स्वरूप दिया जाता था, यादों को साझा करते हुए श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेश उत्सव हनुमान मंदिर गोलबाजार समिति के सलाहकार विनय गुप्ता बताते हैं कि गोलबाजार में गणेश स्थापना की परंपरा 108 साल पुरानी है। 2010 से पहले तक यहां गणेशोत्सव के दौरान दूरदराज से लोग झांकी देखने के लिए आते थे। जगह और समय का अभाव होने के साथ ही शासन-प्रशासन से भी पहले जैसा सहयोग नहीं मिलता है। शहर के सभी बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या भी अब रोड़ा बनने लगी है।

### आंबेडकर अस्पताल में...

बनाने कंप्यूटर की डिमांड की है। पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल में कामकाज तथा अन्य व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए गठित अस्पताल एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई थी। बैठक में विभिन्न तरह के मुद्दों पर चर्चा हुई, मगर सबसे चर्चित मांग सुरक्षा गार्डों की थी। बैठक में रेडियोथैरेपी विभाग के चिकित्सकों द्वारा रात्रि के वक्त मरीजों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त गार्ड तैनात करने की मांग की गई। हवाला दिया गया है कि विभाग में रात्रि के वक्त के काफी संख्या में मरीजों के साथ उनके अटेंडर भी रहते हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए गार्डों की संख्या दोगुनी की जानी चाहिए। इसके अलावा कुछ अन्य विभाग द्वारा भी अतिरिक्त गार्ड मुहैया कराने की मांग की गई। इसके अलावा एक विभाग ने ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए वितरित की जाने वाली दवा रखने के लिए मेज मांगा, तो एक विभाग ने डाक्टरों के कक्ष में एसी लगाने की डिमांड की। बैठक के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने मांग से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग के कर्मचारियों को दिया है।

रोस्टर ड्यूटी की देंगे सीएमओ को जानकारी

बैठक के दौरान यह बात भी सामने आई थी कि आपात चिकित्सा कार्यालय में विभागों द्वारा ड्यूटी पर रहने वाले पीजी डाक्टरों और ऑन कॉल सेवा देने वाले चिकित्सकों के बारे में जानकारी नहीं दी जाती। इसकी वजह से कई बार मरीजों के उपचार से संबंधित व्यवस्था में दिक्कत उठानी पड़ती है। शिकायत के आधार पर सभी विभागों को हर माह रोस्टर ड्यूटी की जानकारी सीएमओ कार्यालय को देने के निर्देश दिए गए हैं।

### नर्सिंग पाठ्यक्रमों के...

द्वारा प्रवेश प्रक्रिया 30 सितंबर कर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बार व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी करने में देर की गई थी। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए पंजीयन की शुरुआत की थी। इसके लिए 12 सितंबर अंतिम तारीख तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार पर्याप्त संख्या में छात्रों द्वारा पंजीयन नहीं कराने की वजह से अंतिम तारीख में दो दिन की बढ़ोतरी की गई है। अब छात्र 15 सितंबर को शाम पांच बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। राज्य में बीएससी नर्सिंग की साढ़े सात हजार से अधिक सीटें हैं जबकि अन्य पाठ्यक्रमों में तीन सौ से एक हजार के बीच सीटें हैं। इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए 30 सितंबर अंतिम तारीख तय की है मगर इस अवधि तक काम पूरा होने की संभावना काफी कम है।

**एमडीएस प्रवेश केवल तीन पंजीयन**

इधर निजी डेंटल कालेजों में खाली पीजी की 51 सीटों के लिए नया पंजीयन प्रक्रिया में बड़ी सफलता नहीं मिल पाई है। इसके लिए अंतिम तारीख तक तीन लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। विद्यार्थियों को शनिवार को एडमिशन पूरा करने के निर्देश दिए गए है। वर्तमान में इन कालेजों में 48 सीटें रिक्त रह गई है जिसमें प्रवेश के लिए पुनः प्रक्रिया पूरी की जाएगी अथवा सीटे लेप्स होगी इस पर आने वाले दिनों में फैसला लिया जाएगा।

# इंटेकवेल के पंप में फंस रहा प्लास्टिक, प्लांट में कम पानी पहुंचने से नहीं भर रही टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन के बेन्द्री घाट स्थित इंटेकवेल के पास गर्मी में पानी कम होने से टंकियों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता। अब बरसात में नदी लबालब होने से इंटेकवेल में लगे मोटर पम्प तक पानी के साथ प्लास्टिक की बोतल व पॉलीथिन पहुंचने से समस्या उत्पन्न होने लगी है। बिरगांव निगम में जल प्रदाय विभाग के मुख्य अभियंता डीएल देवांगन ने बुधवार को आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर सुबह प्लांट का जायजा लिया। इसमें पाया गया कि खारुन नदी मे बने बेंद्री इंटेकवेल का जल स्तर काफी बढ़ गया है। इस कारण मोटर पम्पों मे झिल्लियां फंस रही हैं। इससे इंटेकवेल से कम मात्रा में पानी 15 आपूर्ति टंकियों को मिल रहा है। इस वजह से क्षेत्र में पानी सप्लाई करने मे परेशानी होने लगी है। इस मामले में महापौर नंदलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेंद्री नदी में बने इंटेकवेल की निगरानी की जाए। प्रयास करें कि निकाय क्षेत्र में पानी सप्लाई में किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाए।



Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# यातना झेल रहे गजराज की मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सहित अफसरों को सैकड़ों की संख्या में मेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बंधक के रूप रह रहे लाली, सोनू तथा उनके दो शावकों का एक वर्ष पुराना वीडियो वायरल होने के बाद वन्यजीव प्रेमियों ने हाथियों को उनके पुनर्वास केंद्र में भेजने मांग की है। इसके लिए वन्यजीव प्रेमी अभियान चला रहे हैं। इसके कारण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, पीसीसीएफ सहित अन्य तमाम अफसरों के पास वन्यजीव प्रेमियों ने एक ही दिन में डेढ़ सौ से ज्यादा मेल भेज हाथियों के साथ न्याय करने की मांग की है।

एटीआर में रहने वाले लाली, राजू तथा उनके दो शावक सावन तथा फागुन के साथ वन्यजीव प्रेमियों ने अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि लाली को वन अफसरों ने 25 साल पहले रेस्क्यू किया था। लाली को किस जंगल से रेस्क्यू किया गया है, वन विभाग के पास इसका रिकार्ड तक नहीं है। इसी तरह से एक दशक पूर्व वर्ष 2013 में वन अफसरों ने राजू नामक नर हाथी को राजनांदगांव से रेस्क्यू किया है, तब से दोनों हाथी एटीआर में रह रहे हैं। दोनों हाथियों को पूरे दिन जंजीरों से जकड़कर रखे जाने का आरोप है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वन्यजीव प्रेमियों ने दोनों हाथी तथा उनके शावकों को हाथी पुनर्वास केंद्र रामकोला में भेजने की मांग की है।

## एटीआर में लाली, राजू तथा दो शावकों को जंजीरों में बांधकर प्रताड़ना का आरोप

### एक्सपर्ट के सुझाव की अनदेखी

एटीआर में बंधक बनकर रह रहे सोनू हाथी को लेकर हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में केरल के एलिफेंट एक्सपर्ट डॉ. राजू टीएस से सुझाव मांगा था, तब एलिफेंट एक्सपर्ट ने लाली, राजू और सोनू को ऐसे जंगल के फॉरेस्ट कैंप में रखने का सुझाव दिया, जहां पर काफी संख्या में जंगली हाथी हों, जिससे लाली और राजू भी जंगली हाथियों से मिल सकें, जिससे उनका सोशल इंटरेक्शन हो। एक्सपर्ट ने हाथियों को जंजीर से बांधने और इन पर अंकुश का उपयोग बंद करने का सुझाव दिया था। वन्यजीव प्रेमियों ने वन अफसरों पर एक्सपर्ट के सुझाव की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।



### मद में आए राजू को रोकने इस तरह उपाय

वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि राजू के मदकाल में आने के बाद वन अफसरों के निर्देश पर राजू के चारों पांव को जंजीर से बांधकर कंक्रीट के फ्लोर पर कई महीनों तक रखा जाता था, जिसकी वजह से राजू अपने पैर को आगे पीछे नहीं कर पाता था। आपत्ति के बाद कंक्रीट फ्लोर हटा दिया गया है। इसके बाद भी मदकाल में आने पर राजू को खड़ा रखने का वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है।

*अफसर का यह कहना है : राजू, लाली तथा उनके शावकों को जंजीर से बांधकर रखे जाने के सवाल पर एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश का कहना है कि राजू तथा लाली को प्रोटोकॉल के तहत रखा जाता है। अफसर के अनुसार हाथियों के साथ किसी भी तरह के अमानवीय व्यवहार नहीं किया जा रहा है।*

### कुनबा नहीं मिलने से अवसाद में

वन्यजीव के जानकारों के मुताबिक हाथी सामाजिक प्राणी है, ज्यादातर हाथी अपने झुंड में रहना पसंद करते हैं। एटीआर में लाली, राजू तथा उसके दो शावकों के अलावा कोई हाथी नहीं है और पूरे दिन जंजीरों में बंधे होने की वजह से दोनों वयस्क हाथी तथा शावकों के वन्यजीव के जानकार अवसाद में आने का दावा कर रहे हैं। पैर में जंजीर बंधी होने की वजह से शावक खेलने कूदने तथा अपनी मां के पास जाने से वंचित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### आयुष्मान की दर पुनर्निर्धारित करने की मांग

**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आयुष्मान के पैकेज दरों को कई वर्षों बाद फिर से पुनर्निर्धारित करने की मांग की है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने विशेषज्ञों की एक संयुक्त कमेटी बनाने का आश्वासन दिया है। आईएमए रायपुर ने पूरी आयुष्मान योजना का उड़ीसा की बीजू योजना से तुलनात्मक अध्ययन कर अवलोकन कर पैकेज सहित समयबद्ध पारदर्शी भुगतान प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया है। मुलाकात के दौरान आयुष्मान योजना को इंश्योरेंस मोड में दिए जाने का तथ्यात्मक विरोध जताया है और संभावित फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। इस दौरान बायोमेडिकल वेस्ट की दरों और उनके निष्पादन में आ रही दिक्कतों की तरफ भी स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान दिलाया गया।

### 'ईद-ए-मिलाद' पर 16 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए 16 सितंबर (सोमवार) को 'ईद-ए-मिलाद' (मिलाद-उन-नबी) के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित किया है। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पहले से निर्धारित ऐच्छिक अवकाश को यथावत रखा गया है। गौरतलब है कि पूर्व में 'ईद-ए-मिलाद' पर 17 सितंबर को अवकाश घोषित किया गया था।

## राजधानी रायपुर में विशेष एजीएम में लाया जाएगा प्रस्ताव

# मुख्यमंत्री साय बनाए जाएंगे 29 को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष

### कई खेल संघों में होगा बदलाव

प्रदेश में ओर कई खेल संघों में भी बदलाव की तैयारी है। कई खेल संघों के पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो गया है। अब उनके स्थान पर नए पदाधिकारी बनेंगे। इसको लेकर भी तैयारी चल रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ में एक बार फिर से प्रदेश में सरकार के बदलाव के साथ ही बड़ा बदलाव होने वाला है। प्रदेश के सभी खेल संघों ने एक मत से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाने का मन बना लिया है।

मुख्यमंत्री की इसके लिए मौखिक सहमति भी ले ली गई है। अब 29 सितंबर को राजधानी रायपुर में विशेष एजीएम करके मुख्यमंत्री साय को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित करके उनको अध्यक्ष बना दिया जाएगा। इसके बाद उनको ही कार्यकारिणी घोषित करने का भी अधिकार दिया जाएगा। उनकी सहमति से ही कार्यकारिणी का गठन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस समय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष हैं, लेकिन उनका कार्यकाल 7 अगस्त को समाप्त हो गया है, ऐसे में नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद से छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष मुख्यमंत्री को बनाने की एक तरह से परंपरा हो गई है। सबसे पहले प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी को ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाया गया था। प्रदेश में 2003 में सरकार के बदलने के बाद खेल संघों ने एक मत होकर प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को अध्यक्ष बनाया। वे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे। इसके बाद 2018 में प्रदेश में एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ, तो डा. रमन सिंह के स्थान पर नए मुख्यमंत्री बने भूपेश बघेल को ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाया गया। इस बार खेल संघों ने यह भी तय किया प्रदेश में जो भी मुख्यमंत्री रहेंगे उनको ही ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाया जाएगा।



### साय पहले बने तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष

ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष होने के लिए यह जरूरी है कि अध्यक्ष बनने वाला किसी प्रदेश संघ का पदाधिकारी हो। ऐसे में सबसे पहले मुख्यमंत्री साय को तीरंदाजी संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी मंशा के मुताबिक ही उनको तीरंदाजी संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। हर संघ उनको अपने संघ का अध्यक्ष बनाना चाहता था, लेकिन श्री साय ने अपनी रुचि तीरंदाजी में दिखाई, तो उनको इस संघ का अध्यक्ष बनाया गया है।

### बैठक के लिए ओलिंपिक संघ के आएंगे पर्यवेक्षक

मुख्यमंत्री को ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाने के लिए पूरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए भारतीय ओलिंपिक संघ को भी पत्र लिखा गया है। वहां से किसी को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जाएगा। इसी के साथ प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है। खेल विभाग से भी किसी अधिकारी को बैठक में भेजा जाएगा। बैठक में सभी खेल संघ एक मत से मुख्यमंत्री को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखेंगे। उनको निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाएगा।

# चार सौ बदमाश थाने तलब दी हिदायत, कार्रवाई भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन को देखते हुए बदमाशों पर नकेल कसने पुलिस ने चार सौ से ज्यादा बदमाश तथा चाकूबाजों को थानों में तलब कर उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने समझाइश दी गई।

एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर बदमाशों को थानों में तलब किया गया था। इस दौरान पुलिस ने 42 चाकूबाजों तथा 67 बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, गणेशोत्सव तथा ईद के अवसर पर बदमाश किसी भी तरह की आपराधिक घटनाओं को अंजाम न दे पाएं, इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में बदमाशों को थाना तलब कर समझाइश दी गई। जो आदतन बदमाश हैं, समझाइश के बाद भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे बदमाशों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही एसएसपी ने अड्डेबाजी करने वाले बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ भी अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# सोनडोंगरी में बन रहा डॉग शेल्टर, कुत्तों को रखने बनाए जा रहे 50 कैनाल

- मृत कुत्तों को डिस्ट्राय करने लगेगी क्रीमेटरियम मशीन
- आपरेशन थिएटर, डॉक्टर चैंबर, वेटिंग हॉल भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से लगे सोनडोंगरी गांव में प्रदेश का पहला डॉग शेल्टर बनाया जा रहा है। इसमें प्रथम चरण में 50 कुत्तों को रखने की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 50 कैनाल बनाये जा रहे हैं। डॉग सर्जरी के लिए अलग से आपरेशन थियेटर और डॉक्टरों के लिए डॉक्टर चैंबर का निर्माण किया जा रहा है।

इससे आने वाले दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों के स्ट्रीट डॉग की सर्जरी, बीमार व कमजोर कुत्तों की देखभाल की जा सकेगी। जोन 8 के अधिकारियों को डॉग शेल्टर का निर्माण 1 माह के भीतर पूरा कराने की मियाद निगम आयुक्त अबिनाश ने दी है। पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी क्षेत्र में कुत्तों की देखभाल करने और उनकी सर्जरी के लिए डॉग शेल्टर बनाया जा रहा है। इसमें बीमार कुत्तों का इलाज होगा। शेल्टर में वेटनरी डॉक्टरों के लिए अलग से डॉक्टर्स चैंबर, श्वानों के लिए वेटिंग हाल, आपरेशन थियेटर और उपकरण रखने कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है।



### मृत कुत्तों को डिस्ट्राय करने लगेगी क्रीमेटोरियम मशीन

मेट्रो सिटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार नगर निगम की ओर से मृत श्वानों के संस्कार के लिए क्रीमेटोरियम मशीन लगवाने की प्रक्रिया चल रही है। अनुबंधित एजेंसी को शर्त के मुताबिक 3 साल तक इस मशीन का आपरेशन व मेंटनेंस कार्य करना होगा। इस मशीन के लगने से रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रोड एक्सीडेंट में मृत कुत्तों को मशीन के जरिये डिस्ट्राय करने की व्यवस्था रहेगी। इस प्रोजेक्ट के लिए केन्द्र सरकार से नगर निगम को 1 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। सोनडोंगरी में बन रहे डॉग शेल्टर के एक हिस्से में आधुनिक तरीके से निर्मित क्रीमेटोरियम मशीन लगवाई जायेगी। इसके लिए अलग से शेड बनाया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में रोड एक्सीडेंट अथवा बीमारी के दौरान मृत मवेशियों को डिस्ट्राय करने क्रीमेटोरियम मशीन का प्रस्ताव बना था, पर इस पर आपत्ति के कारण मृत श्वानों का डिस्ट्राय करने मशीन लगवाने की तैयारी है।

# बिजली सप्लाई सिस्टम में साइबर अटैक के खतरे से निपटने के बताए उपाय

- क्रिटिकल इंफर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है पॉवर कंपनी
- साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय में ग्रिड आपरेशन पश्चिम क्षेत्रीय साइबर सेक्यूरिटी को-आर्डिनेशन फोरम की कार्यशाला में साइबर हमले से ग्रिड प्रणाली को बचाने के उपायों पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न राज्यों के लोड डिस्पैच सेंटर के अधिकारियों ने साइबर अटैक को रोकने के लिए अपने यहां किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में इस तरह के खतरे से निपटने के लिए क्रिटिकल इंफ्रमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम डेवल किया जा रहा है, जिसके तहत साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया है तथा स्काडा सिस्टम, सर्वर और बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर तैयार किया गया है।

कार्यशाला का शुभारंभ ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने किया। उन्होंने साइबर सिक्युरिटी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं साइबर सेक्युरिटी से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के प्रति अपनी चिन्ता जाहिर की और इन चुनौतियों से निपटने के लिए तीन प्रमुख बिन्दुओं परस्पर सहयोग, नवाचार एवं पुनर्प्राप्ति क्षमता पर विशेष जोर दिया। केन्द्र के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी कोमल सिंह मनोठिया ने कहा, आज पूरे विश्व में नई तकनीक से वन नेशन, वन ग्रिड से बिजली सप्लाई की जा रही है, ऐसे में पूरा सिस्टम कंप्यूटराइज्ड और आनलाइन रहता है। इसमें विदेशी हैकर साइबर हमला कर देते हैं, जिससे बचने के लिए सुरक्षा और सर्तकता आवश्यक है। यूक्रेन में इस तरह से विद्युत सप्लाई बाधित कर दी गई थी। हमारे यहां साइबर हमले से ग्रिड सुरक्षित रहे, इसके लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। इसके तहत क्रिटिकल इंफरमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम तैयार किया गया है। इसके तहत हर साल आईटी और आपरेशन टेक्नालाजी की साइबर आडिट कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि हमें समय से पूर्व पता लग सके कि कहां से साइबर अटैक हो सकता है और उसे रोका कैसे जा सकता है।

### तीनों पावर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

पश्चिम क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र मुम्बई के कार्यपालक निदेशक और फोरम के अध्यक्ष वी बालाजी एवं ग्रिड इंडिया नई दिल्ली के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी एस बनर्जी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यशाला में एनसीआईआईपीसी मुम्बई के निदेशक ललित कुमार मीणा भी वर्चुवली जुड़े रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ के अतिरिक्त पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न घटक राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, दमन एवं दीव इत्यादि के प्रतिनिधियों सहित छत्तीसगढ़ के तीनों पावर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रमुखता से भाग लिया।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में लाइट कमर्शियल वाहनों के नए शोरूम सिटी व्हील्स का शुभारंभ



**रायपुर।** हिंदुजा समूह की अशोक लीलैंड ने रायपुर में लाइट कमर्शियल वाहनों के लिए अपने नए शोरूम का शुभारंभ शुक्रवार को किया।

यह शोरूम चैनल पार्टनर मेसर्स सिटी व्हील्स द्वारा संचालित है और इसमें 3एस (सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स) की सुविधा प्रदान की जा रही है। जीई रोड टाटीबंध में स्थित इस शोरूम में उन्नत उपकरणों और परिष्कृत बुनियादी ढांचे के साथ बेहतर ग्राहक अनुभव की सुविधा दी जाएगी। शोरूम का उद्घाटन शदाणी दरबार के प्रमुख संत युधिष्ठिर लाल महाराज ने किया। इस अवसर पर अशोक लीलैंड (एलसीवी) प्रमुख विप्लव शाह, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी, राडा के अध्यक्ष विवेक गर्ग, अशोक लीलैंड के जोनल मैनेजर अतुल क्षीरसागर और सिटी व्हील्स के संचालक लक्ष्मण खेमानी, कैलाश खेमानी व यश खेमानी उपस्थित थे।

### एसआरयू के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात, दीक्षांत में होंगे शामिल



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसके सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राजेश तिवारी ने राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने 21 सितंबर 2024 को यूनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल होने की सहमति दी।

समारोह में 18 गोल्ड मेडल, 55 पीएचडी स्कॉलर्स, और 1440 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

### धोबी समाज के जिला महासचिव बने गौतम



**रायपुर।** सुपेला निवासी गौतम निर्मलकर को जिला महासचिव व सुपेला परिक्षेत्र का संगठन प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने प्रदेश संगठन मंत्री दुर्ग जिला प्रभारी नकुल निर्मलकर व जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर की अनुशंसा तथा जिला के पदाधिकारी की मांग पर की है।

इन्हें सुपेला परिक्षेत्र का गठन करने का भी अधिकार दिया गया है। उक्त जानकारी जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।

### अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में 'नो योर डायमंड' सेमिनार और वर्कशॉप

**रायपुर।** कोतवाली स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में शुभम बरड़िया द्वारा 'नो योर डायमंड' सेमिनार और वर्कशॉप वी के तहत आयोजित किया गया।

शुभम बरड़िया एक अंतरराष्ट्रीय सर्टिफाइड गेमोलॉजिस्ट, डायमंड ग्रेडर और प्रोफेशनल ज्वेलरी डिजाइनर हैं, उन्होंने इस वर्कशॉप का नेतृत्व किया। सेमिनार में डायमंड के चार महत्वपूर्ण गुण (फोर सीस) के साथ-साथ अन्य कम ज्ञात गुणों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस वर्कशॉप का उद्देश्य सही डायमंड की पहचान और खरीदारी में सहायता प्रदान करना था, ताकि ग्राहक ठगी से बच सकें। इसके साथ ही ज्वेलरी के रखरखाव की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।




## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


### गोदड़ीवाला धाम में वर्सी महोत्सव 6 अक्टूबर से



**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 6 से 8 अक्टूबर तक गोदड़ीवाले संत बाबा हरदासराम साहेब का 33 वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां समाजजनों द्वारा जोरों से की जा रही है। इस वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा देशभर के 65 गोदड़ीवाला धामों से अनेक श्रद्धालु व बाबाजी के भक्त शामिल होने पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास और देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरादेवी के आशीर्वाद से होगा। तीन दिनों तक अनेक कार्यक्रम होंगे, जैसे हवन यज्ञ, झंडावंदन, अखंड पाठ साहब, अखंड धूनी साहब, भगवान झूलेलाल का बहराणा साहब, भजन-कीर्तन सेवा सत्संग, सिमरन, बाबा की मदाह साहब का पठन के अलावा तीनों दिन अखंड भडारा भी चलता रहेगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी, हरि ईसरानी, ईश्वर कोडवानी ने दी।






हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 14 सितंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



तड़के 5 बजे रेस, बैलेंस बनाने दूध संग ...

## कैंपस इवेंट

## 5 मिनट में लिखे स्वच्छता स्लोगन, सफाई की शपथ



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता और इसके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना रहा। इसके तहत स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही ई-वेस्ट कलेक्शन बॉक्स और स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ भी ली गई। छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने में अपनी पूरी सहभागिता निभाएंगे। इसके बाद एक स्लोगन प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पीएचडी स्कॉलर और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### ई-वेस्ट के लिए कलेक्शन बॉक्स

निबंध प्रतियोगिता के लिए 30 मिनट और स्लोगन प्रतियोगिता के लिए 5 मिनट का समय निर्धारित रहा। निबंध प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत-भूत, वर्तमान और भविष्य रहा। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ परिसर-एक कदम उन्नति की ओर रहा। इसके बाद स्वच्छता के प्रति सक्रिय भागीदारी निभाते हुए श्रमदान का किया गया। सभी सदस्यों द्वारा संस्थान के फुटबाल मैदान की सफाई की गई। इस दौरान फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस दौरान परिसर में विभिन्न स्थानों पर ई-वेस्ट कलेक्शन बॉक्स भी रखवाए गए, जहां इच्छित व्यक्ति अपना ई-वेस्ट डंप कर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

## नेशनल लोक अदालत 21 को सहमति से सुलझेंगे मामले



**रायपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 21 सितंबर को किया जाएगा। इस बार भी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण निराकरण करने के लिए नियमित रूप से समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली जा रही है तथा सूक्ष्मता के साथ लोक अदालत की तैयारी पर निगरानी रखी जा रही है। नेशनल लोक अदालत में क्लेम संबंधी, परिवार के विवाद संबंधी, श्रम संबधी, बैंक संबंधी, चेक बाउन्स संबंधी, यातायात संबंधी, जलकर, बीएसएनएल. नगर निगम संबंधी, विद्युत संबंधी, धारा 138 एनआईए संबंधी मामलों को चिन्हांकित कर रखा जा रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ भी आम जन को प्राप्त हो, इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं श्रम विभाग के साथ बैठक कर उन्हें नेशनल लोक अदालत के दिन हितग्रहियों को प्राप्त होने वाले लाभ को वितरण करने निर्देशित किया गया है।

### सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनका मामला सिविल न्यायालय या राजस्व न्यायालय में लंबित है और वे सरल तथा सुगम तरीके से अंतिम रूप से अपने प्रकरण का निराकरण कराना चाहते हैं तो नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने प्रकरण में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते है। हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके जानकारी ले सकते हैं या निकट के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति में भी सपर्क करके जानकारी ली जा सकती है।

## लाइव इवेंट

## हमारी जरूरत से ढाई गुना ज्यादा पानी देती है प्रकृति





**रायपुर।** राजधानी की जीवनदायिनी कही जाने वाली खारुन नदी की शुचिता को लेकर सामाजिक संगठन संकल्प लें, ताकि एक वर्ष के भीतर ही हम खारुन नदी के जल को अंजुलि में लेकर आचमन कर सकें। इस एक संकल्प से सामाजिक सेवा के इस कार्य के साथ रायपुर की चर्चा छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में होगी। उक्ताशय के विचार 'एक सामाजिक कार्य, जिससे देशभर में हो रायपुर की पहचान' विषय पर महाराष्ट्र मंडल में शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव में आयोजित 'नागरिक संवाद' में वरिष्ठ रंगकर्मी शशि वरवंडकर ने बतौर मुख्य वक्ता कही। रायपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ उज्जवल पोरवाल ने कहा कि राजधानीवासियों में आज सबसे बड़ा गुण है करुणा और भद्रभाव का। अपने इसी गुण को लेकर हम कार्य करें तो निःसंदेह हमारी ख्याति पूरे देश में होगी।

### मानसून वापसी के साथ ही जूझते हैं जल संकट से

एनआईटी के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. समीर वाजपेई ने कहा कि आज बारिश खत्म होने के दो माह बाद नदियों का पानी एनीकटों पर स्थिर हो जाता है। डॉ. वाजपेई ने अपने सांख्यिकीय विश्लेषण से बताया कि रायपुर में प्रतिवर्ष मानसून में 1200 एमएम बारिश होती है। 20 लाख की आबादी के इस शहर में प्रकृति प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 370 लीटर पानी के हिसाब से मानसून में उपलब्ध कराती है, जबकि शासन-प्रशासन की गाइडलाइन प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी प्रतिदिन उपयोग करने की है। अर्थात प्रकृति हमें जरूरत से ढाई गुना ज्यादा पानी देती है। फिर भी हम मानसून खत्म होने के चंद महीनों में ही जल संकट से जूझने लगते हैं।

### एनआईटी व ट्रिपलआईटी में दूसरे राज्यों से प्रतिवर्ष आते हैं सैकड़ों छात्र, यहां पहली बार होता है हिंदी से परिचय

# समझ नहीं आई, लेकिन पहली बार सुनते ही भा गई हिंदी, भाषा सीखने दोस्त, ट्यूशन व ऐप

रायपुर। राजधानी में एनआईटी, ट्रिपलआईटी, आईआईएम जैसी राष्ट्रीय स्तरीय संस्थाएं हैं। यहां दूसरे राज्यों के छात्र भी अध्ययन के लिए आते हैं। इनमें से कई विद्यार्थी ऐसे होते हैं, जिन्होंने अपने स्कूली जीवन तक हिंदी कभी नहीं बोली होती। यहां आने के बाद पहली बार उनका परिचय हिंदी से होता है। इसके बाद हिंदी उन्हें इस कदर भा जाती है कि कठिन पढ़ाई के बीच भी वे इसे सीखने की ठान लेते हैं। इसके लिए ना सिर्फ दोस्तों की मदद लेते हैं, बल्कि ऑनलाइन ऐप और ट्यूशन का भी सहारा लेते हैं। हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी सीखने की अपनी यात्रा छात्रों ने हमारे साथ साझा की।



### हिंदी ने दिलाया नेतृत्व का मौका

एनआईटी के विद्यार्थी अम्बटि अक्षय देव आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं। 2022 में उन्हें एनआईटी में दाखिला मिला। वे बताते हैं कि शुरुआती दिनों में हिंदी समझने और बोलने में दिक्कत होती थी। इसके बाद हिंदी सीखने का प्रयास शुरु किया। शुरुआती दिनों में दोस्तों की मदद से हिंदी के व्याकरण व उच्चारण पर अधिक ध्यान दिया। वही पहले सेमेस्टर में हिन्दी ना आने के कारण संवाद में समस्या होती थी, जिसके कारण दोस्त नहीं थे। वर्तमान में हिंदी सीखने के बाद कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा हुआ है। इसके कारण कॉलेज में कई दोस्त बने। अब खनन अभियांत्रिकी टीम को गाइड करने का मौका भी मिला है।

### दोस्तों ने ली कक्षाएं, संवाद से निखरा कौशल



तिरुपति निवासी केआर कार्तिक कहते हैं कि कक्षा 10वीं तक विद्यालय में हिन्दी विषय का अध्ययन किया था, लेकिन नियमित रूप से इस भाषा में संवाद नहीं करने के कारण इसे बोलने में हिचकिचाहट बनी रहती थी। कुछ सीमा तक हिंदी समझ में आती थी, लेकिन एनआईटी में प्रवेश के बाद हिंदी भाषा बोलने में दिक्कत बनी ही। जिसे दूर करने के लिए कॉलेज के दोस्तों ने मदद की, जो राजधानी व आस-पास के राज्यों से आए हैं।



### दोस्तों संग सिर्फ हिंदी में बात करने का नियम

वहीं आंध्रप्रदेश की प्रणति कहती हैं कि विद्यालय में अधिक हिंदी बोलने की जरुरत नहीं हुई, लेकिन निवास स्थान से दूर अन्य राज्य में आने के बाद हिंदी की महत्ता समझ आई। छत्तीसगढ़ में अंग्रेजी से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग होता है। एनआईटी में हिंदी सीखने की अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। दोस्तों के साथ बात करते-करते हिंदी में अच्छी पकड़ बन गई।

### छत्तीसगढ़ में हिंदी बोलना पसंद करते हैं लोग, संवाद करने सीखी हिंदी



ट्रिपलआईटी के विद्यार्थी आंध्रप्रदेश निवासी साई विकास कहते हैं स्कूली शिक्षा के बाद छत्तीसगढ़ में आईआईआईटी में प्रवेश हुआ। छत्तीसगढ़ में अधिकतर लोग हिंदी बोलना अधिक पसंद करते हैं। यहां आने के बाद अपना कम्यूनिकेशन ठीक करने के लिए हिंदी सीखी है। वर्तमान सें हिंदी बोलने में दिक्कत आती है, लेकिन हिंदी भाषा का उच्चारण आता है।



### ऐप की मदद से सीखी हिंदी

आंध्रप्रदेश के ही चैतन्या कृष्णा कहते हैं कि 2022 में प्रवेश के दौरान हिन्दी बोलने व समझने में दिक्कत होती रही। इसके बाद दोस्त व ऑनलाइन ऐप की मदद से हिंदी भाषा को बोलने व समझने का प्रयास किया। वर्तमान में हिंदी बोलने व समझने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती।




### नुक्कड़ नाटक के जरिए सीखी हिंदी



महाराष्ट्र निवासी मीनल पटले बताती हैं, मैं महाराष्ट्र के एक गांव से आती हूं। गांव में मराठी भाषा में बातचीत की जाती है, जिसके कारण शुरुआती दिनों में हिंदी बोलने में दिक्कत बनी रही। ट्रिपलआईटी में प्रवेश लेने के बाद एक्टिंग क्लब के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक तैयार करने से हिंदी बोलने व समझने में सहायता मिली। समस्या होने पर दोस्तों ने मदद की।



### मुश्किल रहा हिंदी व्याकरण

वेस्ट बंगाल निवासी मुस्ताक आलम बताते हैं बंगाल से होने के कारण बचपन से केवल बंगाली भाषा का प्रयोग किया। राजधानी में आने के बाद दोस्तों व प्रशिक्षकों से बात करने में दिक्कत होती रही। जिसके लिए दोस्तों से व अन्य प्रशिक्षकों से हिंदी बोलने की ट्रेनिंग ली। हिंदी के व्याकरण में सबसे अधिक समस्या बनी रही।

# प्रतियोगी परीक्षाओं ने बढ़ाई हिंदी किताबों में दिलचस्पी

### 5 लाइब्रेरी में साहित्य व दर्शन की 15 हजार से अधिक पुस्तकों का दुर्लभ संग्रह

लाइब्रेरी में सालभर में सबसे अधिक बढ़ी गई प्रेमचंद्र की 'गोदान व कफन'

बाबा नागार्जुन का 'सत्य दर्शन' और ओशो की 'मृत्यु सीखता हूं' युवाओं की बनी पसंदीदा किताब



बदलते समय के साथ युवाओं को हिंदी भाषा की आवश्यकता के साथ उपयोगिता का भी बोध होने लगा है। बाजार की भाषा बन चुकी हिंदी को अब दोबारा ज्ञान की भाषा बनाने के लिए युवाओं में हिंदी किताब पढ़ने को लेकर दिलचस्पी बढ़ी है। राजधानी में 5 बड़ी लाइब्रेरी नालंदा, सेंट्रल, तक्षशिला, विवेकानंद और महंत सर्वेश्वर दयाल लाइब्रेरी है, जिसमें जिसमें 15 हजार से भी अधिक हिंदी किताबों का दुर्लभ संग्रह है। हिंदी दिवस के अवसर पर हरिभूमि की टीम इन लाइब्रेरी में पहुंची। लाइब्रेरी प्रबंधकों ने बताया कि यूपीएससी में हिंदी का अलग से सिलेबस निर्धारित है, जिसकी पढ़ाई के लिए बड़ी संख्या में युवा साहित्य व कथा से जुड़ी किताब पढ़ने लगे हैं। हिंदी की लिखावट, उच्चारण और वर्तनी संबंधित गलतियों को सुधारने के लिए हिंदी किताब की मदद लेने लगे हैं। युवाओं की मांग पर लाइब्रेरी में हिंदी किताबों की संख्या सिलेबस के अनुसार बढ़ा दी गई है। नालंदा और सेंट्रल लाइब्रेरी में 8 हजार से अधिक केवल हिंदी किताब है, जो साहित्य से जुड़ी हुई है। यहां हर महीने बढ़ी संख्या में युवा वर्ग कविता, उपन्यास और दर्शन की किताबें पढ़ने को लेकर दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

### प्रेमचंद और अमृता प्रीतम ऑल टाइम फेवरेट

हिंदी को पढ़ने वाले युवाओं में पसंदीदा लेखक इस साल भी प्रेमचंद और अमृता प्रीतम की किताबें रही है। नालंदा लाइब्रेरी की संचालक मंजूला जैन ने बताया कि लाइब्रेरी में हिंदी साहित्य की किताबें 4000 से अधिक हैं। लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जो केवल हिंदी किताब ही पढ़ते हैं। इनकी संख्या हजारों में है। सालभर में प्रेमचंद की दर्जन से अधिक किताबों में गोदान व कफन अधिक पढ़ी गई है। इसके बाद अमृता प्रीतम की कहानी आज भी युवाओं के बीच लोकप्रिय है। दुष्यंत कुमार की कविताओं की किताब भी अधिक इशू करवाई गई है। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में देश और विदेश के हजारों लेखकों की किताबें उपलब्ध हैं। कुछ ऐसी किताबें भी हैं, जो अब छपना बंद हो चुकी है। इसे यहां पढ़ने के लिए भी लोग पहुंचते हैं।

### साहित्य दर्शन के लिए लाइब्रेरी में संग्रह

यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए हिंदी को समझना अब जरूरी हो चुका है। इसके लिए अब बड़ी संख्या में युवा हिंदी किताबों का अध्ययन कर रहे हैं। सेंट्रल और तक्षशिला लाइब्रेरी हिंदी की 6 हजार से अधिक किताबें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। नोडल अधिकारी का कहना है कि साहित्य दर्शन के लिए लाइब्रेरी में संग्रह बनाया है, जिसमें देश लोकप्रिय लेखकों की किताबों को रखा गया है। एग्जाम की तैयारी के लिए रंगमंच, साहित्य, कविता, समाज व इतिहास का लेखन को अधिक पढ़ा जा रहा है। हर महीने 300 से अधिक लोग हिंदी किताबों को इश्यू करवा रहे हैं। लाइब्रेरी में भारतेन्दु हरिश्चंद्र, महात्मा गांधी, मुंशी प्रेमचंद, महावीर प्रसाद द्विवेदी की हिंदी किताबों का दुर्लभ संग्रह है।

### हिंदी में साहित्य और आत्म दर्शन भी पसंद

हिंदी साहित्य से जुड़ी पुरानी किताबें विवेकानंद और महंत सर्वेश्वर दयाल लाइब्रेरी में उपलब्ध है। यही वजह है कि यहां अधिकतर हिंदी प्रेमी ही पहुंचते हैं। खास बात यह भी है कि हिंदी लेखकों की ऐसी किताब जो इंटरनेट नहीं मिल सकती है, यहां युवाओं को पढ़ने मिल रही है। इसलिए हिंदी को समझने के लिए युवाओं की पसंद ये दोनों लाइब्रेरी बनी हुई है। यहां हजार से अधिक लोगों की सदस्यता है। ओशो, दुष्यंत कुमार, सुमित्रानंदन पंत, निराला, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, सूरदास समेत अज्ञेय और प्रसिद्ध लेखकों को यहां अधिक पढ़ा जा रहा है। रोजाना लाइब्रेरी पढ़ने वालों से गुलजार रहती है। प्रतियोगी परीक्षा के साथ हिंदी में दिलस्पी रखने वाले लोग यहां पहुंच रहे हैं।

### उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 15 सितंबर तक प्रवेश की दी गई है अनुमति

कार्नर न्यूज

# 12वीं की सेकंड चांस परीक्षा के परिणाम घोषित, उत्तीर्ण छात्रों को 24 घंटे में लेना होगा महाविद्यालय में दाखिला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं बोर्ड के द्वितीय मुख्य परीक्षा के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिए गए। इसमें उत्तीर्ण छात्रों के पास कॉलेजों में प्रवेश के लिए 24 घंटे का समय है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। 15 सितंबर को अवकाश होने के कारण छात्रों के पास सिर्फ शनिवार का ही दिन प्रवेश के लिए होगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए परिणामों के अनुसार हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य परीक्षा में 32.59 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में पास होने वालों में छात्राओं का प्रतिशत 33.47 और छात्रों का प्रतिशत 31.75% रहा है। जिन छात्रों के अंकों के सुधार में हुआ है, उनके दूसरी परीक्षा के अंक मान्य रहेंगे। अंकों में कोई सुधार नहीं होने की स्थिति में पहली परीक्षा के अंक ही मान्य रहेंगे। परिणाम मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

32.59 प्रतिशत परीक्षार्थी ही हो सके उत्तीर्ण, लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर




### शिक्षक पात्रता परीक्षा के परिणाम जारी

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पहली से पांचवीं कक्षा तक के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यापम ने ये परीक्षा 23 जून को आयोजित की थी। इसके मॉडल आंसर 8 अगस्त को जारी कर 16 अगस्त तक दावा आपत्ति मांगे गए थे। परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों को पात्र अथवा अपात्र दर्शाया गया है। इसके अलावा बिलासपुर उच्च न्यायालय के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के लिए आयोजित लिखित भर्ती परीक्षा के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। व्यापम ने यह परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की थी।

### 37 हजार 578 परीक्षार्थियों ने किया था आवदेन

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट द्वितीय मुख्य परीक्षा में 37 हजार 578 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से 35616 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें से 18250 छात्र और 17366 छात्राएं शामिल हुई थीं। कुल शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 35615 रही। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या मात्र 11609 है। यानी कुल 32.59 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं।

### लड़कियां आगे

लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार छात्राओं का रिजल्ट 33.4 प्रतिशत तथा छात्रों का रिजल्ट 31.75% रहा है। परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में पास होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 3033 अर्थात 8.52 प्रतिशत है। द्वितीय श्रेणी में पास होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 7823 अर्थात 21.96 प्रतिशत है। तृतीय श्रेणी में पास होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 752 अर्थात 2.11 प्रतिशत है।

## गणेशोत्सव 2024



श्री बाल युवा गणेशोत्सव समिति, पानी टंकी डंगनिया



श्री श्री कंकाली गणेशोत्सव समिति, कंकाली पारा



श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति, कुंद्रापारा, बैरन बाजार



नव गणेशोत्सव समिति, उपरवारा



श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति, रोहणीपुरम



नवयुवक गणेशोत्सव समिति, राम जानकी मंदिर, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स



नवयुवक गणेशोत्सव समिति हनुमान नगर रोड, बैरन बाजार



सर्व धर्म युवा समिति, टैगोर नगर



नवयुवक गणेशोत्सव समिति, धरम नगर



श्री बजरंग गणेशोत्सव समिति वृंदावन नगर, कुशालपुर



मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति, कुशालपुर



श्री बाल महाराज गणेशोत्सव समिति, बाजार चौक, डंगनिया

### स्केटिंग स्पर्धा : सीबीएसई के भुवनेश्वर जोन के अंतर्गत आने वाले स्कूल जुटे राजधानी में

# तड़के 5 बजे रेस, बैलेंस बनाने दूध संग अंकुरित चना व मूंग, वजन नियंत्रित रखने खास डाइट चार्ट

**सीबीएसई द्वारा देशभर के विभिन्न जोन में खेल स्पर्धा का आयोजन प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। इसके अंतर्गत सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। आयोजन में 1162 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता को दो भाग में विभाजित किया गया, जिसमें रोड रेस व रिंग रेस शामिल है। रोड रेस रोजाना सुबह 5 से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। वही रिंग रेस सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में शाम 4 से रात 10 बजे तक आयोजित हो रही है।**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एमडी रेड्डी ने बताया, स्पर्धा में नॉर्थ इस्ट जोन के सीबीएसई स्कूल के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इससें 210 स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित हैं। प्रतिभागियों के साथ उनके कोच व माता-पिता भी अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने पहुंचे हैं। स्पर्धा में 17 सदस्यों की टीम द्वारा निर्णय लिया जा रहा है, जिसमें अनुराग भंडारी, किशोरी भंडारी, दलजीत सिंग मुख्य हैं।



#### रोजाना दो घंटे स्केटिंग को वक्त

आठ वर्ष की नन्ही प्रतिभागी शरण्या बीते 2 वर्षों से स्केटिंग कर रही है। प्रतिभागी ने बताया, दो साल पहले दूसरे बच्चों को स्केटिंग करता देखकर स्केटिंग शुरु किया। शुरुआती दिनों में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कड़ी मेहनत के बाद वर्तमान में मेरे पास 29 विभिन्न प्रतियोगिता के मेडल व पुरस्कार हैं। रोजाना 2 घंटे स्केटिंग की तैयारी के लिए देना होता है, जिसमें कोच के दिशा-निर्देश का पालन करते हैं। एक अन्य प्रतिभागी शौर्य ने बताया, कक्षा 7वीं के बाद स्केटिंग छोड़नी पड़ी। 12वीं में दोबारा स्केटिंग शुरु की। लंबे वक्त के बाद स्केटिंग में स्पीड कवर करना मुश्किल हो रहा है। स्केटिंग में सही वेट और शरीर का स्वस्थ होना जरुरी है।



#### बोर्ड के साथ स्पर्धा की तैयारी

सौम्या वर्मा कक्षा 12वीं की छात्रा हैं, जो बीते 5 सालों से स्केटिंग कर रही हैं। वह कहती हैं, स्कूली शिक्षा के साथ खेल के लिए वक्त निकालना मुश्किल है, लेकिन रोजाना 1-2 घंटा स्केटिंग को वक्त दे रही। ओडिशा निवासी अनुष्का शर्मा ने बताया, बीते 7 वर्ष से लगातार स्केटिंग कर रही हूं। ओडिशा में स्केटिंग के साथ होने वाला डांस आकर्षित का केंद्र रहता है। इसके कारण स्केटिंग करना शुरु किया। स्केटिंग के लिए सबसे अच्छा भोजन दूध व अंकुरित चना व मूंग है। जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

#### आठ सालों से स्केटिंग से लगाव

असम निवासी हेमानेश चौधरी ने बताया, मेरी उम्र 13 वर्ष है। बीते 8 वर्ष से लगातार स्केटिंग खेल रहा हूं। अब तक लगभग 6 से अधिक पुरस्कार मिले हैं। 2023 में नेशनल स्पर्धा में सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। स्केटिंग में सबसे अधिक स्वस्थ शरीर का होना जरूरी है, जिसके लिए कोच नियमित डाइट प्लान तैयार करते हैं। प्रतियोगिता के एक सप्ताह पहले हेवी ट्रेनिंग दी जाती है, उस दौरान डाइट प्लान अलग होता है। जिसके बाद स्वस्थ रहने के लिए डाइट को बदला जाता है। सबसे अधिक पानी की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाता है, जिससे खेलने में मदद मिलती है।



# 108 किलो चांदी से बने रथ में विराजे प्रभु बग्घियों में शाही ठाठ से निकले तपस्वी

### सदर बाजार से निकलकर दादाबाड़ी पहुंचा वरघोड़ा

रायपुर। 44 दिन का महान सिद्धि तप पूरा करने वाले तपस्वियों के सम्मान में शुक्रवार सुबह सदर बाजार के ऋषभदेव मंदिर से विजय वरघोड़ा निकाला गया। घोड़ा बग्घी और विंटर कार पर सवार होकर तपस्वी जब शहर की सड़कों पर निकले तो नजारा देखने लायक था। पीछे ऊंट-घोड़ों के साथ सुमधुर लहरियां बिखेरते बैंड-बाजे वाले चल रहे थे। शाही लवाजमा भी खास आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा के आगे 108 किलो चांदी से बना रथ चल रहा था, जिस पर प्रभु विराजमान थे। पीछे पचरंगी पताकाएं लहराते भक्तों की भीड़ थी। तकरीबन 3 हजार से ज्यादा श्रावक-श्राविकाएं इस भव्य वरघोड़े में शामिल हुए। श्रद्धालु भजनों व जयघोष की गूंज पर थिरकते चल रहे थे। अलग-अलग मार्गों से होते हुए ये शोभायात्रा एमजी रोड पहुंची। दादाबाड़ी में तपस्वियों ने सबसे पहले विनय कुशल मुनि और विराग मुनि की पूजा की।



#### दूसरे राज्यों से भी पहुंचे भक्त



तपस्वियों के पारणे के लिए श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति ने दादाबाड़ी में शाही इंतजाम किया गया था।तपस्वियों को सोफे पर बिठाकर भव्य तरीके से पारणा कराया गया। इस वक्त भी दादाबाड़ी में 3 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के लोग भी शामिल थे। गौरतलब है कि इस चातुर्मास के अंतर्गत दादाबाड़ी और विवेकानंद नगर को मिलाकर कुल 215 लोगों ने सिद्धि तप किया।

#### तीन दिवसीय महोत्सव का समापन

शुक्रवार को विजय वरघोड़ा और शाही पारणा के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन हुआ। सिद्धि तप के तपस्वियों का ऐतिहासिक पारणा कराने के लिए श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति ने 11 सितंबर से तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पहले दिन सभी तपस्वियों को तिलक लगाया गया। फिर सम्मान स्वरूप पूजा की थाली, बैग व अन्य सामग्री देकर सभी का बहुमान किया गया। गुरुवार की दोपहर समाज ने तपस्वियों का पद प्रक्षालन किया। इसके पश्चात शुक्रवार को महोत्सव का समापन हुआ।



# वृद्धाश्रम आधुनिक सभ्यता की देन आज पैरेंट्स के लिए ही वक्त नहीं

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने माना कैंप में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नवीन वृद्धाश्रम और एसओएस बालिका गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। राज्यपाल ने बुर्जुगों से बातचीत के दौरान कहा कि समाज का वर्तमान परिदृश्य आधुनिक सभ्यता की देन है। रोजगार के लिए बच्चे अपने माता-पिता से दूर रहते हैं, जिससे बुढ़ापे में बुर्जुग अकेले हो जाते हैं। जो बच्चे साथ हैं, उनके पास भी बुर्जुगों के लिए समय नहीं है। कई लोगों को बुढ़ापे में अपना जीवन यापन करने में भी दिक्कत होती है। आज के समय में भारतीय मूल्यों को बनाए रखने में दिक्कत हो रही है। इसलिए वरिष्ठजन अपना हौसला बनाए रखें तथा आनंद से जीवन गुजारें।

#### हौसला रखें और बड़े सपने देखें

एसओएस बालिका गृह की बालिकाओं को कंबल, मिठाई तथा फल वितरित किए। राज्यपाल ने बालिकाओं से कहा कि वे हौसला रखें और बड़ा सपना देखें तथा पूरा करने के लिए तन-मन से जुट जाएं। उन्हें यह नहीं सोचना है कि वे अकेले हैं। बल्कि पूरा समाज और सरकार उनके साथ है। एक-दूसरे के साथ हंसी-खुशी से मिलजुल कर रहें। राज्यपाल ने बालिकाओं के समक्ष आदर्श महापुरूषों की जीवन गाथा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और नेल्सन मंडेला की जीवनी से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### शहर में झांकी : दुलारी नगर के पंडाल में वैष्णव देवी दरबार का दिव्य दर्शन

# पंडाल में कोविड की एंटी डोज बना रहे चिकित्सक, गरूड़ पर सवार विघ्नहर्ता के दर्शन से पहले हॉरर सेक्शन में चीख-पुकार

कार्नर न्यूज

रायपुर। शहर में गणेश उत्सव की धूम हर साल बढ़ रही है। श्री दुलारी नगर उत्कल युवा गणेश उत्सव समिति ने इस बार सातवीं कड़ी में वैष्णव देवी के दिव्य दरबार की झलक दिखाने का प्रयास किया है। उत्सव स्थल में प्रवेश करने के बाद आकर्षक झांकी से सजे पंडाल को खास बनाने के लिए शहर के 15 कारीगरों द्वारा डेढ़ महीने की गई मेहनत इस बार रंग जमाने में सफल हुई। यहां दर्शन के लिए रोज सैकड़ों की तादाद में लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य रवि कुमार सेन ने बताया कि उत्सव स्थल में सजाई गई झांकियों में मां वैष्णव देवी के दरबार थीम पर सजावट की गई है। समिति के मुकेश योगराज, प्रकाश दीप और मोहन यादव ने बताया कि इस बार दर्शन के लिए आने वाले लोगों को पहाड़ों-कुंदराओं का एहसास कराने का प्रयास किया गया है। जैसे-जैसे लोग आगे बढ़ते हैं, उन्हें बूढ़ीमाता, मां बमलेश्वरी और समलेश्वरी माता के दर्शन उत्सव स्थल में मिलता है।



#### गरुड़ पर सवार श्री गणेश

इस बार भी राजिम के मूर्तिकार रमन चक्रधारी द्वारा प्रतिमा तैयार की गई है। आकर्षक प्रतिमा को गरुड़ पर सवार किया गया है। दर्शन के लिए आने वाले लोग इस प्रतिमा के पास दो पल के लिए ठहरने के बाद विघ्नहर्ता के साथ सेल्फी बनाने से भी नहीं चूक रहे हैं। इसके साथ ही पंडाल के आस-पास शाम 6 बजे से रात एक बजे तक मेले जैसा माहौल बनता है। इसका लुत्फ उठाने के लिए शहर के हर क्षेत्र से लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए समिति के लोगों ने युवाओं एवं महिला वालंटियर्स को लोगों की सुविधा के लिए तैनात किया है, ताकि व्यवस्था बनाई जा सके।

#### नजर आई कोविड की भयावहता

स्थल सज्जा के साथ चलित झांकियों में कोविड की भयावहता को दिखाने का प्रयास समिति के लोगों ने किया है। मारवाड़ी मुक्तिधाम के पास बनाई गई झांकी में इस बार कोविड के एंटी डोज बनाने वाली डॉक्टर्स की टीम को प्रयोगशाला में दवा तैयार करते हुए दिखाने का सुंदर प्रयास किया गया है। इनके आस-पास मृत आत्माओं को घूमते हुए देखकर लोग हैरान हो रहे हैं। यहां का नजारा युवाओं और बच्चों को पसंद आ रहा है। वे हॉरर सेक्शन में घूमना पसंद भी कर रहे हैं। यहां थाली बजाते और हाथों में असुरों की तरह अस्त्र-शस्त्र पकड़े हुए लोग दर्शनार्थियों के पास पहुंचकर चीख-पुकार भी करते हैं।



#### जंगल की मनमोहक झलक

पहाड़ों के बीच वैष्णव देवी का दर्शन करने के बाद जिस तरह से पर्यावरण की मनमोहक झलक मिलती है, उसी थीम में हरे-भरे जंगल के बीच जीव-जंतुओं के स्वरूप को दिखाने का प्रयास किया गया है। हल्की रोशनी के बाद जैसे ही लोग आगे बढ़ते हुए गुफाओं के बीच अंधेरों से घिरते हैं, वहां हॉरर झांकी पेश की गई है। झांकी दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों को डराने में सफल रही है। इसके आगे बढ़ने पर लोगों को पहाड़ियों के बीच से गुजरने का एहसास कराने के लिए पहाड़ों के माहौल को जीवंत करने का प्रयास किया गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### खेल से जुड़े निर्माण कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने निर्देश



**रायपुर।** खेल संचालक तनुजा सलाम ने रायपुर, बिलासपुर और बलौदाबाजार जिले में स्वीकृत खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण संबंधी प्रगति की समीक्षा की। सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में हुई इस बैठक में उन्होंने नेशनल तीरंदाजी अकादमी रायपुर हेतु जारी रू. 520 लाख के हॉस्टल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत शीघ्र निविदा कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम तथा स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा के एथलेटिक स्टेडियम में टूटी कुर्सियों को तत्काल बदलने तथा रंगाई पोताई के लिए लो.नि.वि. संभाग क्रमांक 3 रायपुर के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया। आवासीय खेल अकादमी परिसर में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने,बालक एवं बालिका छात्रावास में मूलभूत कार्यो का सुधार तथा सुरक्षात्मक पहलू से दरवाजे चैनल गेट इत्यादि को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिये गये। नवनिर्मित टेनिस स्पोटर्स अकादमी लाभांडी रायपुर के प्रशासनिक भवन, हॉस्टल तथा स्टेडियम में फर्नीचर कार्य को कराने एवम हेतु नवीन बजट में सम्मिलित कार्य के लिए 07 दिवस में प्राक्कलन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। लाभाण्डी में टेनिस स्टेडियम के समीप की प्रस्तावित भूमि पर बैडमिन्टन अकादमी के हास्टल एवं स्टेडियम निर्माण का प्राक्कलन 15 दिवस में प्राथमिकता से उपलब्ध कराने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया गया। राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर परिसर में नवीन बजट प्रावधानि कार्य एच.व्ही.ए.सी. तथा विद्युतीकरण कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी द्वारा 1.93 करोड़ रुपए का स्टीमेट उपलब्ध कराया गया, जिसपर सहमति प्रदान करते हुए प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।बहतराई बिलासपुर में निर्माणाधीन दर्शक गैलरी, पेवेलियन, हाई मास्ट लाईट, कबड्डी इंडोर हॉल और आउटडोर कार्यो को बिना विलंब के पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बहतराई बिलासपुर में बालक छात्रावास के प्रथम तल निर्माण हेतु प्राप्त नवीन बजट संबंधी कार्य का स्टीमेट तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश किया गया। बलौदाबाजार जिले में प्रावधानित इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन में आवश्यक सुधार के निर्देश संचालक तनुजा सलाम ने दिए। समीक्षा बैठक में संचालक के अलावे संयुक्त संचालक यामिनी पांडेय गुप्ता, वित्त अधिकारी श्रद्धा सुमन एक्का, ओएसडी डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख अभियंता कार्यालय में पदस्थ आर. के. रात्रे मुख्य अभियंता, ऋषि गुप्ता एसडीओ. पीडब्ल्यूडी बिलासपुर,एस.के.गुजराती उप अभियंता, रायपुर, जयप्रकाश चौरसिया रायपुर, विभाकर जोशी और उपअभियंता बलौदाबाजार उपस्थित रहे।

### इंटर स्टेट मल्टी डे क्रिकेट में छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा सीनियर मेंस इंटर स्टेट मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 28 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का फायनल दो दिवसीय मैच (12 सिंतबर-13 सितंबर) पुदुच्चेरी में महाराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें अपनी पहली पारी में 89.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर छत्तीसगढ़ ने 311 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से दीपक यादव ने 100 रन तथा अभिजित ताह ने 58 रनों का योगदान दिया। साथ ही सन्नी पांडे ने 54 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाराष्ट्र की ओर से विक्की ओस्तवाल ने 5 विकेट तथा प्रशांत सोलंकी ने 4 विकेट लिए। मैच के दुसरे दिन, लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र की टीम 73.4 ओवरों में 280 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। महाराष्ट्र की ओर से हर्षल काटे ने 75 रन तथा दिग्विजय जाधव ने 44 रन बनाए। छत्तीसगढ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करने हुये महाराष्ट्र के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोके रखा तथा नियमित अंतराल में विकेट लेते रहे। छत्तीसगढ की ओर से दीपक यादव ने 3 विकेट, प्रशांत सांई पैकरा, अरीन द्विवेदी एवं वरुण सिंह भुई ने 2-2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने फायनल मैच 31 रनों से जीत लिया तथा महाराष्ट्र को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

### अखिल भारतीय जे.पी अत्रे क्रिकेट टूर्नामेंट खेल रही छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 29वें अखिल भारतीय जे. पी. अत्रे क्रिकेट टूर्नामेंट में भागीदारी दी जा रही है। टीम में अंबरीश कुमार सिंह डीसीए, ऐश्वर्या मारिया बीएसपी, आनंद राव बीसीए, भारत गोंडवानी रायपुर, दरवंश सिंह भूपाल बीसीए, मनराज सिंह ढिल्लन बीएसपी, हामिद रजा महासमुंद, प्रथम सिंह (विकेट कीपर), बिलासपुर, प्रभास शुक्ला रायपुर, राहुल प्रधान ( विकेट कीपर) सरगुजा, प्रभात आनंद, जशपुर, संगीत सोनी (विकेट कीपर) बीएसपी, शुभम सिंह (कप्तान) बीसीए, शाश्वत शारदा रायपुर, शोभित शर्मा महासमुंद, सुमित अग्रवाल कोरबा, तन्मय शर्मा रायपुर शामिल है।

ठंडे पानी से नहाने के फायदे हैं या नुकसान, यह समझना जरूरी

# ठंडे पानी का होता है सीधे इम्युनिटी पर असर, जान लें इससे नहाने का नतीजा

कई लोगों का कहना है कि ठंडे पानी से नहाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में ठंडे पानी का क्या असर है और यह किस हद तक सच है, इस लेख में विस्तृत जानकारी दी गई है।

ठंडे पानी से नहाना कई संस्कृतियों और परंपराओं में स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा माना जाता है। यह न केवल शरीर को तरोताजा करता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। हालांकि, ठंडे पानी से नहाने के फायदे और नुकसान दोनों हैं, और इसे अपनाने से पहले इन के बारे में जानना महत्वपूर्ण है। कई बार सेलेब्स को आइस वाटर से नहाते या आइसिंग करते देखा जाता है। विद्युत जामवाल से लेकर रकुल प्रीत तक का वीडियो सामने आ चुका है। कई लोगों का कहना है कि ठंडे पानी से नहाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में ठंडे पानी का क्या असर है और यह किस हद तक सच है, इस लेख में विस्तृत जानकारी दी गई है।



### मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देना

ठंडे पानी से नहाने से मेटाबॉलिज्म की दर बढ़ जाती है, जिससे शरीर में ऊर्जा की खपत बढ़ती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। ठंडे पानी से नहाने के दौरान शरीर को अपना सामान्य तापमान बनाए रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है।



### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

ठंडे पानी से नहाने से मानसिक ताजगी मिलती है और स्ट्रेस और डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलती है। ठंडे पानी के शॉक से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है।

### त्वचा और बालों के लिए लाभकारी

ठंडे पानी से नहाने से त्वचा में नमी बनी रहती है और पोर्स बंद हो जाते हैं, जिससे त्वचा कोमल और मुलायम रहती है। यह बालों के लिए भी अच्छा होता है, क्योंकि यह बालों की जड़ों को मजबूत करता है और उन्हें चमकदार बनाता है।

### ब्लड सर्कुलेशन में सुधार

ठंडे पानी से नहाने से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है, जिससे हृदय को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। यह रक्तचाप को भी नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है।

### ठंडे पानी से नहाने के नुकसान

फायदे के साथ ही ठंडे पानी से स्नान के कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। जैसे बहुत अधिक ठंडे पानी से नहाने से हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाना) का खतरा हो सकता है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। वहीं कुछ लोगों में संवेदनशीलता बढ़ सकती है, जिससे जुकाम, खांसी या सर्दी के लक्षण उभर सकते हैं।

### क्या ठंडा पानी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है?

शोध के मुताबिक, ठंडे पानी से नहाने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। ये आपकी सफेद रक्त कोशिकाओं की संख्या बढ़ा सकता है, जो शरीर को बीमारियों और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। हालांकि ये इम्यून सिस्टम की मजबूती का एकमात्र तरीका नहीं है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए खानपान, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद भी जरूरी है।

# बची हुई इडली से बना सकती हैं क्रिस्पी पकौड़े

कई बार ऐसा होता है कि इडली बच जाती है और दोबारा इसे खाने का मन नहीं करता। ऐसे में इडली को फेंके नहीं, बल्कि कुछ मजेदार ट्राई करें। आप बची हुई इडली से क्रिस्पी पकौड़े तैयार कर सकते हैं। पकौड़े बनाना बहुत ही आसान है बस आपको नीचे बताए गए टिप्स to फॉलो करना होगा।

**विधि :** सबसे पहले 1 इडली के 4 टुकड़े कर लें। साथ ही, ऊपर बताई गई सभी सामग्री को तैयार करके रख लें। अब एक बाउल में 4 चम्मच मैदा, 4 चम्मच बेसन, स्वादानुसार नमक, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर और 3 हरी मिर्च काट लें। फिर धीरे-



धीरे पानी डालकर बैटर तैयार कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला ना हो और 5 मिनट तक घोल को ढककर रख दें। इस दौरान एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। जब तेल गर्म हो जाए, तो बैटर में इडली डालकर फ्राई कर लें। इसी तरीके से हम सारी इडली को घोल में डालकर दोनों तरफ से फ्राई कर लेंग। इस दौरान आंच तेज रखनी है, वर्ना इडली क्रिस्पी (पनीर से बनती है 15 मिनट में इडली) नहीं होंगी। फ्राई करने के बाद इडली को एक बाउल में निकालें और गरम-गरम अपने पसंद की चटनी के साथ सर्व करें।



# गुस्से पर काबू पाने करें योगासन अवसाद व निराशा से होंगे मुक्त

गुस्सा सामान्य स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो मनमुताबिक चीजों के खिलाफ निकलता है। हालांकि कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों पर, या बार-बार गुस्सा आता है। कई बार उनका गुस्सा इतना अधिक होता है, जो गंभीर रूप ले लेता है। अधिक गुस्सा आने की समस्या मूड और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। क्रोध को नियंत्रित न कर पाने से काम और निजी संबंधों पर प्रभाव पड़ता है। क्रोध व्यक्ति के सामाजिक और व्यवहारिक जीवन में भी कई तरह की समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, क्रोध की समस्या से परेशान लोगों को जीवनशैली में योगासनों को शामिल करना चाहिए। योग न सिर्फ मन को शांत व स्थिर करने में मदद करता है, गुस्से की भावना को कम करने में भी मददगार मिलती है। यहां आपको क्रोध, कुंठा और अवसाद की समस्या को दूर करने के लिए कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है।



**बालासन या चाइल्ड पोज :** बालासन के अभ्यास की आदत मन को शांत करने में काफी मददगार मानी जाती है। भावनाओं को नियंत्रित करके नकारात्मकता को काबू करने और मन-शरीर के संबंध में भी सुधार के लिए बालासन के अभ्यास की आदत डालें। बालासन के अभ्यास से गुस्से को कंट्रोल किया जा सकता है। पीठ व पेट की मांसपेशियों के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है।

**मत्स्यासन योग :** क्रोध को नियंत्रित करने और मन को शांत रखने के लिए मत्स्यासन का अभ्यास करें। इस आसन से तनाव दूर होता है और सिर में रक्त परिसंचरण में सुधार करने में सहायक है। भावनात्मक समस्याओं को कम करने और क्रोध की भावनाओं को नियंत्रित रखने के लिए यह योग असरदार है।

**उष्ट्रासन योग :** स्ट्रेस को दूर करने और मन को शांत रखने के लिए उष्ट्रासन योग बेहतर आसन माता जाता है। इस आसन के अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की कमी भी दूर होती है। गुस्से को शांत रखने, तनाव कम करने के साथ ही डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह योग फायदेमंद माना जाता है। कंधे और पीठ दर्द से भी राहत मिलता है।गुस्से पर काबू पाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास, अवसाद व निराशा भी होगी दूर

**क्रोध और कुंठा से मुक्ति के लिए योग :** गुस्सा सामान्य स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो मनमुताबिक चीजों के खिलाफ निकलता है। हालांकि कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों पर, या बार-बार गुस्सा आता है। कई बार उनका गुस्सा इतना अधिक होता है, जो गंभीर रूप ले लेता है।
























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'वेनम- द लास्ट डांस' का आखिरी ट्रेलर रिलीज



वेनमः द लास्ट डांस के पहले ट्रेलर के बाद इस फिल्म से फैंस की उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। एडी ब्रॉक के रूप में टॉम हार्डी इस फिल्म में दोबारा नजर आने वाले हैं। यह फिल्म थ्री डी और आईमैक्स थ्री संस्करण में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। 12 सितंबर को इस फिल्म का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया।

हालांकि, इससे कुछ दिन पहले फिल्म के निर्माताओं ने फैंस को एक खास सौगात दी है। दरअसल, अंतिम ट्रेलर से पहले फिल्म का एक 30 सेकंड का टीजर जारी किया गया है। इसी के साथ फाइनल ट्रेलर की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है। फिल्म में टॉम हार्डी वेनम के रूप में नजर आएंगे। यह मार्वल के सबसे जटिल किरदारों में एक है। यह ट्रिलॉजी की अंतिम फिल्म है। जारी किया गया टीजर रोमांच से भरा हुआ है। इसे देखने के बाद दर्शकों का उत्साह और अधिक बढ़ गया है। सोशल मीडिया पर बहुत से लोग इस फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

टॉम हार्डी के अलावा इस फिल्म में चिवेटेल एजिओफोर, जूनो टेम्पल, राइज इफॉन्स, पैगी लू, अलाना उबाक और स्टीफन ग्राहम मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्देशन केली मार्सेल ने किया है। इसकी पटकथा हार्डी और मार्सेल की कहानी पर आधारित है। फिल्म का निर्माण एवी अराद, मैट टोलमाच, एमी पास्कल, केली मार्सेल, टॉम हार्डी और हच पार्कर ने किया है। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया 25 अक्टूबर को भारतीय सिनेमाघरों में इसे अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में करने जा रही है।

### टॉलीवुड

# 'देवरा' के तीन सीन पर चली सेंसर की कैंची



कोरताला शिवा के निर्देशन में बनी जूनियर एनटीआर अभिनीत फिल्म 'देवराः भाग 1' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। बीते दिन जारी हुए हाई एक्शन पैक्ड ट्रेलर ने प्रशंसकों के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। इस फिल्म के जरिए जान्हवी कपूर भी अपना तेलुगु डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसी बीच फिल्म की सेंसर प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो 'देवराः भाग 1' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की ओर से यू/ए प्रमाणपत्र दिया गया है। 'देवराः पार्ट 1' महीने के आखिरी शुक्रवार यानी 27 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 10 सितंबर को मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान रिलीज हुआ और इसने पैन-इंडिया फिल्म के इर्द-गिर्द बढ़ते प्रचार को और बढ़ा दिया है। फिल्म ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पूरी कर ली है और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म में दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कई कट लगाए हैं। सैकनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीएफसी ने चार संशोधनों के लिए कहा, जिनमें से तीन हिंसक दृश्यों से संबंधित हैं। सबसे उल्लेखनीय परिवर्तनों में से एक दृश्य शामिल है, जहां एक किरदार अपनी पत्नी को लात मारता है। सीबीएफसी के अनुरोध के बाद पेट पर सीधी लात मारने का दृश्य हटा दिया गया। इसी तरह, दूसरे भाग के एक अन्य दृश्य में एक किरदार अपनी मां को लात मारता है और सीबीएफसी ने इस अनुक्रम को भी संशोधित करने पर जोर दिया। तीसरे संशोधन में पांच-सेकंड के शॉट को हटाने की आवश्यकता थी जिसमें एक व्यक्ति के शरीर को तलवार पर लटकाया गया था और हथियार नीचे फिसल रहा था। एक अन्य महत्वपूर्ण बदलाव में सीजीआई दृश्य शामिल है जिसमें जूनियर एनटीआर को शार्क की सवारी करते हुए दिखाया गया है, जिसने काफी चर्चा पैदा की है।

### भोजपुरी

# पवन ने खोले अक्षरा के राज, कहा- मुझे कहा था स्टाम्प पेपर साइन करने को



भोजुपरी फिल्म इंडस्ट्री में पवन सिंह और अक्षरा सिंह दोनों ही फेमस हैं। दोनों की ही तगड़ी फैन फॉलोइंग है। और जब दोनों साथ थे, तब उनकी केमिस्ट्री ने धमाल मचा दिया था। फिर इनके रिश्ते में कड़वाहट आई। अक्षरा ने पवन पर कई इल्जाम लगाए। अब पवन ने इनपर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अक्षरा के कई आरोपों को सच कहा है। साथ ही अपनी पहली बीवी और खेसारी लाल यादव संग कनेक्शन पर भी बात की है। पवन सिंह ने शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में ये सारे खुलासे किए हैं। पवन से पहले अक्षरा सिंह इस शो में आई थीं और उनके खिलाफ कई इल्जाम लगाए थे। अब उन्हीं इल्जामों को लेकर जब पवन से सवाल पूछे गए तो उन्होंने एक-एक इल्जामों के करारे जवाब दिए। 33 साल की अक्षरा ने पवन सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने स्टाम्प पेपर मंगाया गया था और अपनी मां का हवाला देते हुए उसपर साइन करने को कहा था। इसमें लिखा था कि अक्षरा कभी पवन से प्रॉपर्टी में हिस्सा नहीं मांगेंगी। इस आरोप पर पवन ने कहा, 'ये सत्य है। अगर साथ में बैठने का मौका दिया। कनेक्शन बढ़ा तो परिवार को चिंता तो होगी। बड़ा भाई या मां या पिता जरूर बैठाकर समझाएंगे कि जो कर रहे हो, वो सही नहीं है।'

## लाइफ स्टाइल



स्ट्रीट स्टाइल की धूम

स्ट्रीट फ़ैशन विशेष रूप से युवा संस्कृति से जुड़ा हुआ है। दुनिया के तमाम महानगरों में इसकी झलक देखने को मिलती है। स्ट्रीट स्टाइल फैशन को कपड़ों और ड्रेसिंग की एक विशेष शैली के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो ब्रिटिश फैशन संस्कृति से विकसित हुई है। यह फैशन के लिए एक वैश्विक दृष्टिकोण है जिसमें ऐसी शैलियाँ शामिल हैं जो मुख्यधारा के फैशन से मिलती-जुलती हैं।

# पैरों के नाखून हो गए हैं काले तो इन्हें साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



भले ही लोग कितना भी अच्छे से तैयार हो जाएं, लेकिन अगर उनके पैर अच्छे नहीं दिख रहे, तो उनका पूरा लुक खराब हो सकता है। आप चाहें तो पार्लर जाकर पेडिक्योर करा सकते हैं, नहीं तो घर पर ही कुछ चीजों का इस्तेमाल करके नाखूनों की गंदगी को साफ कर सकते हैं।

**बेकिंग सोडाः** इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। नाखूनों को सफेद करने के लिए आपको बस बेकिंग सोडे को गर्म पानी में मिलाकर इसका पेस्ट नाखूनों पर लगाना है। लगाने के कुछ देर बाद इसे अच्छे से धो लें। कुछ दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

**टूथपेस्टः** दांतों की सफाई के साथ-साथ टूथपेस्ट पैरों के नाखूनों की सफाई का काम भी करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप सीधा पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे धो दें।

**संतरे का रसः** संतरा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के रस में अंडे के सफेद भाग को मिलाकर नाखूनों पर लगाना है। ये नाखूनों को साफ करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देता है।

**बेसन और नींबूः** नाखूनों को साफ करने के लिए नींबू के रस में थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं।

**जैतून का तेलः** इस तेल की मदद से आप नाखूनों पर जमा मैल हटा सकते हैं। ये नाखूनों को मुलायम बनाने के साथ इनमें जमे बैक्टिरिया को खत्म करने में मदद करेगा।

**इस बात का रखें ध्यानः** अगर आप नाखूनों को हमेशा साफ रखना चाहते हैं तो हमेशा नाखूनों को साफ करने की कोशिश करें। आपके नाखून हमेशा ट्रिम और क्लीन होने चाहिए, ताकि इनमें गंदगी जमा ना होने पाए।

# 'पिया जी' को करना है खुश तो ऐसे करें मेकअप



फैशन

मौका चाहे पार्टी का हो या त्यौहारों का, महिलाएं हमेशा बेहतर से बेहतर ढंग से सजने संवरने को प्राथमिकता देती है। सुहागिन महिलाओं का ध्येय इस बात पर भी रहता है कि उनके पति उनके मेकअप को कितना पसंद करते हैं। इसलिए आपको कुछ मेकअप टिप्स जानना चाहिए, जिससे आप भी घर पर मेकअप करके अपने पति को खुश कर सकें।

**फाउंडेशनः** इस बात का ध्यान रखें कि किसी को भी डार्क फाउंडेशन पसंद नहीं होता है। ऐसे में अपने स्किन टोन के हिसाब से ही फाउंडेशन का इस्तेमाल करें।



**लाल लिपस्टिक का करें इस्तेमाल :** अगर आप तीज के दिन 16 श्रृंगार कर रही हैं लेकिन हल्के रंग की साड़ी पहन रहीं हैं तो लाल रंग की लिपस्टिक जरूर लगाएं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगी।

**हरे रंग की साड़ी के साथ ऐसे करें मेकअपः** हरा रंग अपने में ही काफी डार्क होता है। ऐसे में इसके साथ अगर आप लाइट मेकअप करेंगी तो ये प्यारा लगेगा। न्यूड रंग की लिपस्टिक आपके लुक को खूबसूरत बनाएगी।

**ब्लश और हाईलाइटर का करें इस्तेमालः** तीज पर अपने पिया जी के सामने जाने से पहले गालों पर ब्लश और हाईलाइटर जरूर लगाएं। ताकि आपके चेहरे की चमक बरकरार रहे और आपके पति आपको देखकर खुश हो जाएं।

**आई मेकअप पर दें ध्यानः** अपनी साड़ी के रंग के हिसाब से ही आईमेकअप करें। ये ना ज्यादा डार्क होना चाहिए और ना ही ज्यादा लाइट। हल्के रंग के आउटफिट के साथ डार्क आई मेकअप करें और डार्क रंग के आउटफिट के साथ हल्के रंग का मेकअप करें।

**वाटर प्रूफ हो मेकअपः** तीज का त्योहार सावन के महीने में आता है। ऐसे में ये ध्यान रखें कि आपका मेकअप वाटरप्रूफ हो।

# अपनी सहेली को तोहफे में दें ट्रेंडी ज्वेलरी



दोस्ती का रिश्ता सभी रिश्तों में से सबसे अलग होता है। अगर आप अपनी सहेली को स्पेशल फील कराना चाहती हैं, तो उन्हें कुछ खास तरह की ट्रेंडी ज्वेलरी तोहफे में दे सकती हैं।

**पर्ल ज्वेलरीः** आजकल की युवा पीढ़ी को पर्ल का काम काफी ज्यादा पसंद आता है। ऐसे में आप चाहें तो अपनी सहेली को इस तरह का पर्ल नेकपीस गिफ्ट कर सकती हैं। इसे वो हमेशा अपने गले में पहन सकती हैं। ये आपकी दोस्ती की निशानी होगी, जो हमेशा उनके साथ रहेगी।

**फ्रेंडशिप रिंगः** आजकल फ्रेंडशिप रिंग्स गिफ्ट करने का काफी चलन हैं। आप चाहें तो अपनी दोस्त को फ्रेंडशिप रिंग गिफ्ट कर सकती हैं। एक रिंग वो पहनेंगी और दूसरी रिंग आप पहनिएगा।

**ब्रेसलेटः** अपनी सबसे अच्छी दोस्त को आप ब्रेसलेट गिफ्ट कर सकती हैं। ब्रेसलेट को किसी भी तरह के आउटफिट के साथ कैरी किया जा सकता है। एथनिक के साथ-साथ ये जींस-टॉप पर भी जचता है।

**ईयररिंग्सः** अगर आपकी दोस्त को मैचिंग के ईयररिंग्स पहनने का शौक है तो आज ही उनके लिए ईयररिंग्स खरीद कर रख लीजिए। इसे वो जब-जब अपने कानों में पहनेंगी तो आपको याद करेंगी।

**पायलः** वैसे आजकल लड़कियों को एक पैर में एंक्लेट पहनने का शौक है। अगर आपका बजट सही है, तो अपनी दोस्त को चांदी की पायल गिफ्ट कीजिए। इसकी खनक से आपकी दोस्ती भी बरकरार रहेगी।

**पेंडेंट सेटः** बहुत सी लड़कियों को गले में कुछ ना कुछ पहनना पसंद है। ऐसे में आप उन्हें पेंडेंट सेट तोहफे में दे सकती हैं। ये देखने में भी प्यारे लगते हैं।

# गुलाब जल की मदद से घर पर बना सकते हैं ये स्किन केयर प्रोडक्ट, जानें इसका तरीका



गुलाब जल एक ऐसा प्रोडक्ट है जो कई तरह की स्किन की परेशानियों को दूर करता है। आपको इससे बने प्रोडक्ट आसानी से बाजार में मिल जाते हैं, पर बहुत से लोगों को ये सूट नहीं करते हैं। क्या आप जानते हैं कि आप गुलाब जल की मदद से घर पर ही कई स्किन केयर प्रोडक्ट बना सकते हैं।

**गुलाब जल फेसपैकः** गुलाब जल की मदद से बना फेसपैक त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है। इसे हर व्यक्ति को स्किन केयर रूटीन में शामिल करना चाहिए। इसे आप चाहें तो आसानी से घर पर बना सकते हैं।

**विधिः** इसे बनाने के लिए गुलाब की पत्तियों को अच्छे से साफ कर लें और तीन से चार घंटे के लिए भिगो कर रख दें। भिगो कर रखने के बाद इसे मिक्सी में पीस लें और इसमें तीन चम्मच शहद मिलाएं। इस पेस्ट को सबसे पहले 20-30 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें और फिर इसका इस्तेमाल करें।

**गुलाब जल टोनरः** त्वचा को फ्रेशनेस पहुंचाने के लिए गुलाब जल का टोनर बेहद काम आता है। आप घर पर ही गुलाब जल से आप टोनर बना सकती हैं।

**फेशियल टोनरः** इसे बनाने के लिए बाजार से गुलाब जल खरीद सकती हैं। चाहें तो घर पर बने हुए गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस के लिए आपको बस गुलाब जल में 1 कप फिल्टर पानी और एक पार्ट विच हेजल मिलाना है।

**मेकअप रिमूवरः** हर लड़की को मेकअप रिमूवर की काफी जरूरत पड़ती है। आप गुलाब जल की मदद से आसानी से मेकअप रिमूवर बना सकते हैं। मेकअप रिमूवर बनाने के लिए आपको बस गुलाब जल में 3 बूंद ऑलिव ऑयल या नारियल तेल मिक्स मिलाना है। इसके बाद आपका मेकअप रिमूवर तैयार है।

## कार्नर न्यूज

### महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए ब्यूटी पार्लर संचालन को अपना रही

# ब्यूटी पार्लर अब एक व्यवसाय नहीं रहा बल्कि-प्रतीक है महिला सशक्तीकरण का

*यदि आप एक नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं या एक महत्वाकांक्षी उद्यमी हैं, तो ब्यूटी पार्लर व्यवसाय खोलना सही विकल्प हो सकता है। हमारे देश में ब्यूटी पार्लर व्यवसाय शुरू करना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है लेकिन असंभव नहीं। यदि आपके पास सही कौशल, स्टार्टअप पूंजी और बाजार की समझ है, तो यह प्रक्रिया उतनी कठिन नहीं है, जितनी यह लग सकती है। क्या आपको पता था? भारत में सौंदर्य उद्योग का मूल्य ₹100 करोड़ है और यह उद्योग 20% की वार्षिक दर से बढ़ रहा है।*



### ब्यूटी पार्लर व्यवसाय शुरू करने में महत्वपूर्ण बातें

**बिज़नेस मॉडलः** कई प्रकार के ब्यूटी पार्लर व्यवसाय मॉडल हैं जिन्हें आप चुन सकते हैं। सबसे आम फ्रैंचाइज़ी मॉडल है, जिसमें किसी व्यक्ति को फ्रैंचाइज़र के दिशानिर्देशों और नीतियों के अनुसार ब्यूटी पार्लर संचालित करने का अधिकार दिया जाता है। यह मॉडल लोकप्रिय है, क्योंकि यह अच्छी तरह से परिभाषित व्यावसायिक प्रक्रियाओं, कम निवेश और प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे कई लाभों के साथ आता है। एक अन्य प्रकार का ब्यूटी पार्लर सेटअप मॉडल स्वतंत्र पार्लर मॉडल है, जहां व्यक्ति किसी और की मदद के बिना अपना ब्यूटी पार्लर शुरू करते हैं। यह एक महान विचार की तरह लग सकता है, लेकिन यह उच्च निवेश, समर्थन की कमी और सफलता की कोई गारंटी नहीं जैसी चुनौतियों के साथ आता है।

**व्यवसाय के प्रकारः** ब्यूटी पार्लर सैलून या स्पा भी हो सकते हैं। ब्यूटी पार्लर एक ऐसा प्रतिष्ठान है जो विभिन्न प्रकार के सौंदर्य उपचार प्रदान करता है, जैसे कि हेयर स्टाइलिंग, कटिंग और कलरिंग, मैनीक्योर, पेडीक्योर और वैक्सिंग। सैलून ब्यूटी पार्लर व्यवसाय का सबसे लोकप्रिय प्रकार है और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यह उस स्थान को संदर्भित करने के लिए सबसे आम शब्द भी है जहां लोग अपने बालों को पेशेवर रूप से प्राप्त करने के लिए जाते हैं।

### ब्यूटी पार्लर व्यवसाय कैसे शुरू करें?



**निवेश की आवश्यकताः** यह एक महत्वपूर्ण सवाल है कि प्रत्येक उद्यमी को अपना व्यवसाय शुरू करने से पहले खुद से पूछना चाहिए। भारत में ब्यूटी पार्लर की स्थापना की लागत इस बात पर निर्भर करेगी कि आपको कितनी इन्वेंट्री की शुरुआत करने की आवश्यकता है, आपको किन उपकरणों की आवश्यकता है, और आपका प्रारंभिक मार्केटिंग बजट क्या होने वाला है। कई फंडिंग स्रोत हैं जिनमें से कोई भी चुन सकते हैः। व्यक्तिगत फंडः आप अपने फंड का उपयोग प्रारंभिक निवेश के रूप में कर सकते हैं। आप किसी के साथ सहयोग भी तो कर सकते हैं। इस तरह से निवेश किया जा सकता है, लेकिन जिम्मेदारियों का बंटवारा भी हो सकता है।